संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, बुधवार, 04 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 265 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com

हरियाणा संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



राहुल गांधी की गोल्डन टेंपल में दूसरे दिन भी सेवा: महिलाओं के साथ सब्जी काटी, जूठे बर्तन धोए; एसजीपीसी ने कहा- ये पश्चाताप नहीं।

## फास्ट न्यूज

### मणिपुर हिंसा: सिमिनलुन की एनआईए हिरासत आठ दिन बढ़ी

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने मणिपुर हिंसा के मामले में गिरफ्तार सिमिनलुन गांगटे की एनआईए हिरासत आठ दिनों के लिए बढ़ा दी है। एडिशनल सेशंस जज सचिन गुप्ता ने ये आदेश दिया। गांगटे की आज एनआईए हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया था। एनआईए के मुताबिक गांगटे पर देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के मामले में म्यांमार और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों के साथ मिलकर साजिश रचने का आरोप है। मणिपुर में चल रहे वर्तमान जातीय हिंसा की आड़ में ये साजिश रच रहा था। गांगटे को एनआईए ने 30 सितंबर को मणिपुर से गिरफ्तार किया था। उसे मणिपुर से ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया था। एनआईए ने गांगटे के खिलाफ यूएपीए और दूसरे आपराधिक कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज की थी।

### वित्त मंत्री ने ऋण योजनाओं के तहत लोन किए वितरित

**कोयंबटूर:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को तमिलनाडु के कोयंबटूर में प्रधानमंत्री ऋण योजनाओं के तहत एक लाख से अधिक लाभार्थियों को 3,748 करोड़ रुपये के लोन वितरित किए। सीतारमण ने तमिलनाडु के कोयंबटूर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को लोन बांटे। उन्होंने पीएम मुद्रा, स्टैंड-अप इंडिया, एग्री-इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ), किसान क्रेडिट कार्ड (फसलें, पशुपालन और मत्स्य पालन), पीएमईजीपी, पीएमस्वनिधि आदि जैसी केंद्र सरकार की कई योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और मंजूरी पत्र सौंपे। वित्त मंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट पर ट्विट कर दी जानकारी में बताया कि सीतारमण ने कोयंबटूर में एक लाख से अधिक लाभार्थियों को 3,748 करोड़ रुपये के ऋण प्रदान किये।

# 'देश का गरीब ही सबसे बड़ी जाति'

= 'अल्पसंख्यकों का हक छीनना चाहती है कांग्रेस', छत्तीसगढ़ में पूछा- देश में हिंदू सबसे ज्यादा, तो क्या वे सारे हक ले लें: मोदी

**साधा निशाना**

8 कांग्रेस कह रही आबादी तय करेगी कि पहला हक किसका होगा। क्या अल्पसंख्यकों का हक कम करना चाहती है




**टीम एक्शन इंडिया/ रायपुर/हैदराबाद**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर पहुंचे। यहां उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान बिहार की जातीय जनगणना को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा- कांग्रेस कह रही है कि आबादी तय करेगी कि पहला हक किसका होगा। क्या अब कांग्रेस अल्पसंख्यकों का हक कम करना चाहती है।

मोदी ने जनता से पूछा- कांग्रेस स्पष्ट करे कि अगर आबादी के हिसाब से हक मिलेगा, तो क्या वह अल्पसंख्यकों को हटाना चाहती है। अगर ऐसा है तो क्या सबसे बड़ी आबादी वाले हिंदू आगे बढ़कर अपने सारे हक ले लें।

**छत्तीसगढ़ और राजस्थान में आपराधिक मामलों की होड़:** कांग्रेस ने सिर्फ 5 साल में छत्तीसगढ़ की जो हालत की है उसे पूरा देश देख रहा है। इनके विधायकों और मंत्रियों ने जो कारनामे किए हैं उससे हर कोई त्रस्त है।

छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य की श्रेणी में पहुंच गया है, कभी-कभी तो लगता है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में आपराधिक मामलों में स्पर्धा चल रही है। पीएम ने आगे कहा, ये (कांग्रेस सरकार) झूठी बातें फैलाकर को स्टील प्लांट पर कब्जा करना चाहते हैं और इसके जरिए मोटी कमाई करना चाहते हैं... स्टील प्लांट बस्तर के लोगों का है। मैं किसी भी कांग्रेस नेता को इस स्टील प्लांट का मालिक नहीं बनने दूंगा।

### 'जब तक कमल नहीं खिलेगा हम चैन से नहीं रहेंगे'

**पीएम** नरेंद्र मोदी 30 सितंबर को बिलासपुर में बीजेपी की परिवर्तन यात्रा का समापन करने पहुंचे थे। उन्होंने यहां भाषण में कहा था, कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय हो गया है। हमारा एक ही नेता है कमल, हमारा एक ही उम्मीदवार है कमल। हर बूथ पर जब तक कमल नहीं खिलेगा हम चैन से नहीं रहेंगे। पीएम मोदी ने आगे कहा था, छत्तीसगढ़ में सिर्फ घोटाले ही घोटाले हैं।

हर योजना में भ्रष्टाचार हावी है। छत्तीसगढ़ अब कांग्रेस को हटाने और भाजपा को लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पूरा प्रदेश कुशासन से त्रस्त है। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लोगों के सामर्थ्य को समझा। अटल जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया।

### 'विकास बैनर-पोस्टर में या कांग्रेसी नेताओं की तिजोरी में'

**पीएम** ने कहा- कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को पांच सालों में अपराध का गढ़ बना दिया है। यहां विकास या तो बैनर-पोस्टर में दिखता है या कांग्रेस नेताओं की तिजोरी में। यहां चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोल-बाला है। इस सरकार को बदलना है, जिसे सिर्फ आप कर सकते हैं। बीजेपी को लाएंगे, तभी यहां विकास धरातल पर दिखाई देगा। पीएम का पिछले तीन महीनों में छत्तीसगढ़ का यह चौथा दौरा है। यहां इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

# 'भोपाल में परिवहन की नई क्रांति लाएगी मेट्रो रेल'



**कनेक्टविटी**

8 मुख्यमंत्री चौहान ने मेट्रो रेल में सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक सफर कर जायजा लिया

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**मुख्यमंत्री** शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को भोपाल मेट्रो रेल के ट्रायल रन का सुभाष नगर डिपो से हरी झण्डी दिखाकर कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री चौहान ने मेट्रो रेल में सुभाष नगर स्टेशन से रानी कमलापति स्टेशन तक सफर कर जायजा लिया। शुभारंभ से पहले मुख्यमंत्री चौहान ने कन्या-पूजन तथा पूजा अर्चना की।

**हमने कम समय और तय समय सीमा से पहले मेट्रो का ट्रायल रन किया आरंभ:** मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल में मेट्रो आरंभ होने के साथ ही हमारा तांगे वाला भोपाल अब मेट्रो रेल वाला भोपाल हो गया है। मेट्रो रेल भोपाल में परिवहन की नई क्रांति लाएगी, और विकास पथ पर भोपाल तीव्रगति से दौड़ेगा। भोपाल मेट्रो का विस्तार सीहोर, मण्डीदीप के साथ-साथ रायसेन और विदिशा तक भी किया जाएगा। इन्दौर के बाद आज भोपाल में नई परिवहन क्रांति का सूत्रपात हो रहा है। जिस राज्य को सड़कों के गड्ढों के लिए जाना जाता था, वहां एक सप्ताह में दो-दो शहरों में मेट्रो का ट्रायल रन हुआ है। हमने कम समय और तय समय-सीमा से पहले यह सब कर दिखाया है, यह मेट्रो टीम के साथियों, इंजीनियर और वर्कर्स की मेहनत का परिणाम है। सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन तक के पांच किलोमीटर लंबे मेट्रो के भाग में 5 स्टेशन हैं, जिनकी आधारभूत संरचनाओं का काम प्राकृतिक बाधाओं के बावजूद बहुत तेजी से पूरा किया गया।

नौ किलोमीटर के ट्रैक बिछाने का कार्य पांच माह में पूर्ण किया गया। मात्र 90 दिन में पटरियों के साथ चलने वाली ट्रेक्शन थर्ड रेल तथा 7 टर्नआउट्स का विद्युतीकरण भी किया गया और केवल 60 दिनों में 5 लिफ्ट और 4 एस्केलेटर लगाए गए, जो अपने आप में उपलब्धि है।

### भोपाल मेट्रो पर केन्द्रित लघु फिल्म का हुआ प्रदर्शन

**मुख्यमंत्री** चौहान की अध्यक्षता में सुभाष नगर डिपो पर हुए शुभारंभ कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, श्रीमती कृष्णा गौर, विष्णु खत्री, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई, मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक मनीष सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बिहार में जातीय गणना डेटा रिलीज का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार** सरकार ने सोमवार को जातीय गणना के आंकड़े जारी किए। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को एक याचिका दायर की गई, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि, कोर्ट ने कहा वह अभी इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करेगा। 6 अक्टूबर को मामला सुनवाई के लिए लगा है, उसी समय आपकी दलील सुनेंगे। याचिकाकर्ता के वकील का कहना है कि बिहार सरकार ने पहले जातिगत जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक न करने की बात कही थी। इससे पहले गणना जारी होने के बाद मुख्यमंत्री ने बताया था कि 9 पार्टियों की राय से जाति आधारित गणना का काम हुआ है। सोमवार



को एक कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि सारी पार्टियों के सामने सारी चीजें रखी जाएंगी। जारी सर्व के आंकड़ों के मुताबिक बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है। इसमें 2 करोड़ 83 लाख 44 हजार 160 परिवार हैं। जिसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36%, अन्य पिछड़ा वर्ग 27% हैं। वहीं जातियों में सबसे ज्यादा 14.26% यादव हैं।

## नीतीश ने जेडीएस का जदयू में विलय करने कहा था: एचडी देवेगौड़ा

'वे जनता फ्रीडम फ्रंट बनाना चाहते थे, इंडिया में शामिल होने प्रपोजल भी दिया था'

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**जनता दल** सेक्युलर (जेडीएस) प्रमुख एचडी देवेगौड़ा ने कहा कि 4 महीने पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनसे जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में अपनी पार्टी का विलय करने को कहा था। साथ ही विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) में शामिल होने का प्रस्ताव भी रखा था। हालांकि, देवेगौड़ा ने नीतीश के इन दोनों ही प्रस्तावों को ठुकरा दिया। जेडीएस ने पिछले महीने ऐलान किया था कि वे 2024 का लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के



साथ मिलकर लड़ेगी। पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा ने कहा कि नीतीश कुमार सभी पूर्व जनता दल पार्टियों के साथ जनता फ्रीडम फ्रंट बनाने का प्रपोजल लेकर उनके पास आए थे। लेकिन उन्होंने यह कहकर नीतीश के प्रपोजल को ठुकरा दिया कि वे जानते हैं कांग्रेस ने उन्हें किस तरह धोखा दिया। इसलिए 91 साल की उम्र में वे कोई प्रयोग नहीं करना चाहते हैं, ना ही उनकी किसी राष्ट्रीय पद में कोई दिलचस्पी है। देवेगौड़ा ने कहा, 'नीतीश ने मुझे मनाने के लिए अपने पार्टी अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं को भेजा था।

**एनडीए का साथ**

8 जेडीएस ने पिछले महीने ऐलान किया था कि वे 2024 का लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर लड़ेगी

## महाराष्ट्र: अस्पताल में 31 मरीजों की मौत

24 घंटे में 24 की जान गई थी, इनमें 12 बच्चे, दो दिन में और 7 लोगों ने दम तोड़ा

**दुखद**

8 30 सितंबर की रात 12 बजे से 1 अक्टूबर रात 12 बजे के बीच 24 लोगों की जान गई है: अस्पताल प्रशासन



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**महाराष्ट्र में नांदेड़ के** शंकरराव चव्हाण सरकारी अस्पताल में 24 घंटे में 24 मौतों के बाद 1 और 2 अक्टूबर को और 7 लोगों की जान चली गई। इसी के साथ 36 घंटे के दौरान मरने वालों की संख्या 31 पहुंच गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने बताया कि मरने वाले 7 मरीजों में 4 बच्चे हैं। इससे पहले अस्पताल प्रशासन ने बताया था कि 30 सितंबर की रात 12 बजे से 1 अक्टूबर रात 12 बजे के बीच 24 लोगों की जान गई है। जान गंवाने वालों में 12 बच्चे, 7 महिलाएं और 5 पुरुष हैं। अस्पताल में 500 बेड की व्यवस्था है, लेकिन 1200 मरीज भर्ती हैं। इनमें 70 मरीजों की हालत अभी भी गंभीर है। अस्पताल में मरीजों के परिजन हंगामा कर रहे हैं। आरोप है कि दवा और स्टाफ की कमी से मरीजों की मौत हो रही है। 2 अक्टूबर को यह मामला मीडिया में आया। इस बारे में जब अस्पताल प्रशासन से सवाल पूछा गया तो दिनभर (2 अक्टूबर) को इन मौतों को सामान्य घटना बताता रहा। प्रशासन ने कहा कि 4 मरीजों की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। 1 मरीज का लिवर फेल हुआ था।

## पंजाब कांग्रेस नेताओं को चंडीगढ़ पुलिस ने रोका

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**पंजाब** कांग्रेस के विधायक सुखपाल सिंह खेहरा की गिरफ्तारी से पार्टी की सीनियर लीडरशिप निराश चल रही है। पंजाब गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित को ज्ञापन दिए जाने के 2 दिन बाद मंगलवार को कांग्रेस सीनियर लीडरशिप ने डीजीपी गौरव यादव के कार्यालय का रुख किया, लेकिन चंडीगढ़ पुलिस ने उन्हें कांग्रेस भवन से निकालने के बाद ही बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया। चंडीगढ़ पुलिस के डीएसपी सेंट्रल गुरमुख सिंह ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग और नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा को चंडीगढ़ में लागू धारा 144 के बारे में बताया। स्पष्ट किया कि वे आगे नहीं जा सकते हैं। इस पर वड़िंग की तरफ से कहा गया कि उन्हें पंजाब पुलिस पर तो भरोसा



था ही नहीं, लेकिन अब चंडीगढ़ पुलिस भी उनके साथ अन्याय कर रही है। वह शांतिपूर्ण तरीके से डीजीपी पंजाब को अपना ज्ञापन देने जा रहे हैं, लेकिन चंडीगढ़ पुलिस उन्हें नहीं जाने दे रही।

**खैहरा की गिरफ्तारी पर उठाए सवाल:** वड़िंग और बाजवा ने कहा कि विधायक खैहरा को गलत तरीके से उनके घर के बेडरूम से उठाया गया। चंडीगढ़ से उन्हें गिरफ्तार किया गया।

## राजौरी में सुरक्षाबलों-आतंकियों के बीच मुठभेड़

दो-तीन दहशतगर्दों के छिपे होने की आशंका, सर्च ऑपरेशन में दो जवान घायल हुए थे

**मार गिराएंगे**

8 ब्रोह और सूम जंगल में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है

**टीम एक्शन इंडिया/राजौरी**

**जम्मू-कश्मीर में राजौरी के कालाकोट में** सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मंगलवार को दूसरे दिन मुठभेड़ जारी है। कालाकोट के तातापानी में सोमवार (2 अक्टूबर) को सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की थी, जिसमें दो जवान घायल हो गये। जम्मू डिफेंस के लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्त्वाल ने बताया कि हमें



कालाकोट के ब्रोह और सूम जंगल में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। यहां दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। इनके पास भारी संख्या में हथियार हो सकते हैं। भारतीय सेना के साथ जम्मू पुलिस और सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स ने जॉइंट ऑपरेशन चला रही है। सोमवार को अंधेरा होने के कारण ऑपरेशन बंद कर दिया गया था। मंगलवार सुबह से ऑपरेशन जारी है। ड्रोन से इलाके की निगरानी की जा रही है। इससे पहले राजौरी के नरला इलाके में 12 और 13 सितंबर को एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया था। 12 सितंबर को आतंकियों से मुकाबला करते हुए एक जवान और आर्मी डॉग केंट शहीद हुए थे।

**हथकरघा**

हिमाचल अनाथ बच्चों एवं अन्य वंचित वर्गों की मदद के लिए कानून बनाकर यह योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया

## हिमाचल: सीएम ने शुरू की सुख-आश्रय योजना, निराश्रित बच्चों को 4.68 करोड़ की वितीय मदद

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना का औपचारिक शुरूआत की। इस योजना का उद्देश्य अनाथ, विशेष रूप से सक्षम बच्चों, निराश्रित महिलाओं और वृद्धजनों को व्यापक सहायता पहुंचाना है। इसके साथ ही हिमाचल अनाथ बच्चों एवं अन्य वंचित वर्गों की मदद के लिए कानून बनाकर यह योजना लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया। मंगलवार को शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर मुख्यमंत्री सुख-आश्रय



योजना का औपचारिक शुरूआत करने के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने योजना के पात्र बच्चों को 4.68 करोड़ रुपये के वित्तीय लाभ का वितरण भी किया। इसमें उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे 48 अनाथ बच्चों को फीस और छात्रावास व्यय के रूप में 15.52 लाख रुपये तथा मासिक व्यय के रूप में 11.52 लाख रुपये शामिल हैं।

**मदद**

8 मुख्यमंत्री सुक्खू ने योजना के पात्र बच्चों को 4.68 करोड़ रुपये के वित्तीय लाभ का वितरण भी किया

इसके अतिरिक्त विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 17 अनाथ बच्चों को 7.02 लाख रुपये फीस तथा 4.08 लाख रुपये मासिक व्यय का वितरण किया गया। इस मौके पर सुक्खू ने कहा कि इस योजना के तहत भूमिहीन अनाथ बच्चों को गृह निर्माण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में तीन बिस्वा भूमि और शहरी क्षेत्रों में दो बिस्वा भूमि तथा तीन लाख रुपये की वित्तीय सहायता का भी प्रस्ताव है। इस पहल के द्वितीय चरण में 10वीं तथा 12वीं कक्षा के 268 बच्चों को लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विधवा, एकल नारी और विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों सहित विभिन्न वंचित वर्गों को पेंशन और अपंगता राहत भत्ते की प्रक्रिया का सरलीकरण कर उन्हें आय सीमा में भी छूट दी जा रही है। सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य में अनाथ एवं अन्य वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुख-आश्रय योजना के अन्तर्गत नए चिन्हित लगभग 2700 अनाथ बच्चे, जो कि अपने रिश्तेदारों के साथ रह रहे हैं, उन्हें भी 27 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक चार हजार रुपये मासिक वित्तीय सहायता दी जाएगी। सुक्खू ने कहा कि योजना के अन्तर्गत अनाथ बच्चों को वार्षिक आधार पर 15 दिवसीय अध्ययन भ्रमण करवाया जाएगा। जिसका होटलों में ठहराने से लेकर हवाई यात्रा व अन्य सभी व्यय प्रदेश सरकार करेगी।

## करोड़ों हिन्दुओं को उनकी आस्था को जोड़ेगा श्री मन्दिर एप

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**

**अब आप** एक क्लिक पर उत्तराखंड के सभी ऐतिहासिक व पौराणिक मन्दिर से जुड़ पाएंगे। डिजिटल तकनीक के माध्यम से धार्मिक स्थलों, वहां के परिदृश्यों व उनके ऐतिहासिक महत्व को दर्शाने के लिए आईडीएमसी ने श्री मन्दिर नाम से एक एप लांच किया है। इसे डिजिल युग में सनातन धर्म की धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। मंगलवार को प्रेस क्लब हरिद्वार में श्री मन्दिर संस्थान एवं आईडीएमसी के निदेशक प्रशांत सचान ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि देवभूमि उत्तराखंड देश-विदेश के भक्तों के लिए एक बड़ा आस्था का केंद्र है, करोड़ों हिन्दुओं की आस्था इस पावन भूमि से जुड़ी हुई है। जहां प्रत्येक वर्ष करीब 5 से 6 करोड़ श्रद्धालु उत्तराखंड की पारंपरिक विरासत व मंदिरों के दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन कई बार वह इन स्थलों पर किन्हीं कारणों से नहीं पहुंच पाते हैं, जिसके लिए डिजिटल रूप से इन मंदिरों को ऐसे सभी भक्तों तक पहुंचाना ही श्रीमंदिर संस्थान का प्रमुख उद्देश्य है। ताकि कि ये सभी लोग अपने इष्ट देव व उनके प्रसिद्ध मंदिरों से जुड़ सकें।

# लड़कियों के शिक्षा के सपनों को मिली उड़ान

### सरकार ने पिछले 9 वर्षों में शिक्षा क्षेत्र में किए अभूतपूर्व कार्य, हर 3 किलोमीटर में स्कूल व हर 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज स्थापित कर मनोहर लाल ने किया कमाल

**उपलब्धि**

**8 आज सरकारी स्कूलों के बच्चे भी प्रतियोगी परीक्षाएं पास करके नाम रौशन कर रहे**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विगत 9 वर्षों में शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए अभूतपूर्व निर्णय लेकर प्रदेश में शिक्षा का जो वातावरण बनाया है, उससे आज सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता देखने को मिल रही है। परिणामस्वरूप आज सरकारी स्कूलों के बच्चे भी प्रतियोगी परीक्षाएं पास करके अपने परिवार व प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं। शिक्षा को जीवन का आधार मानते हुए मुख्यमंत्री ने लड़कियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के लड़कियों की स्वतंत्रता व शिक्षा के आदर्शों की पालना करते हुए नीतिगत निर्णय लेकर कम से कम दूरी पर स्कूल व कॉलेज स्थापित करने की पहल की। आज हरियाणा के हर 3 किलोमीटर पर एक स्कूल व हर 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज अवश्य मौजूद है। इससे न केवल स्कूलों में लड़कियों का ड्रॉप आउट कम हुआ तो वहीं लड़कियों के उच्च शिक्षा के सपनों को भी एक नई उड़ान मिली।





**ई-अधिगम योजना से मुख्यमंत्री लाए आईटी-क्रांति:** 21वीं सदी के युग में जब हर क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी ने अपनी पैठ बना ली है, तो शिक्षा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। इस चुनौती को समझते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के गरीब व जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को भी स्मार्ट शिक्षा मुहैया करवाने के लिए भी कई पहल की हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में निहित स्मार्ट क्लासरूम की अवधारणा को मुख्यमंत्री ने पहले से ही हरियाणा में लागू कर दिया था। इसी कड़ी में ई-अधिगम नामक नई योजना लाकर मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में आईटी-क्रांति लाने का काम किया। इस योजना के तहत सरकारी स्कूलों के 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों व पीजीटी अध्यापकों को 2जीबी इंटरनेट डाटा के साथ 5.50 लाख टैबलेट मुफ्त उपलब्ध करवाए।

**वर्ष 2025 तक नई शिक्षा नीति को लागू करने वाला हरियाणा होगा देश का पहला राज्य:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल कहते हैं कि आज के समय में नैतिक शिक्षा को भी दैनिक शिक्षा के साथ जोड़ने की आवश्यकता है।

## सरकार ने मस्कुलर ड्रिस्टॉफी सहित 55 दुर्लभ बिमारियों से ग्रस्त मरीजों को दी बड़ी राहत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार ने मस्कुलर ड्रिस्टॉफी सहित लगभग 55 दुर्लभ बिमारियों से ग्रस्त मरीजों को बड़ी राहत प्रदान की है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने प्रदेश में ऐसे मरीजों को 2750 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता प्रदान करने और पारिवारिक आय सीमा में छूट प्रदान करते हुए चिरायु योजना में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। महानिदेशक हरियाणा स्वास्थ्य सेवाए डॉ सोनिया त्रिखा खुल्लर ने यह जानकारी आज उनके सेक्टर-6 स्थित कार्यालय में मस्कुलर ड्रिस्टॉफी पीड़ित परिवार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ आयोजित एक बैठक में दी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्य सरकार के इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया। डॉ सोनिया त्रिखा खुल्लर ने बताया कि दुर्लभ बिमारियों से ग्रस्ति मरीजों का पंजीकरण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है जबकि मासिक वित्तीय सहायता सेवा विभाग द्वारा प्रदान की जाएगी। साथ ही ऐसे मरीज जो हरियाणा डोमिसाइल है और किसी भी नामित उत्कृष्टता केंद्र द्वारा उनमें दुर्लभ बीमारी की पुष्टि की गई है, को चिरायु योजना में शामिल किया जाएगा, जिसके तहत उन्हें सरकारी और निजी अस्पतालों में सालाना 5 लाख रुपये तक इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे मरीजों पर योजना के तहत पारिवारिक आय सीमा लागू नहीं होगी। डॉ खुल्लर ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार लाभार्थियों को 10 अक्तूबर 2023 से पहले पहले 2750 रुपये की वित्तीय सहायता वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अति दुर्लभ बीमारियों से ग्रस्ति मरीजों के पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है।

## ऊर्जा मंत्री ने लिया नरमे की फसल के खराबे का जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ /काजल रानी**
रियाणा के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि किसानों की खुशहाली में ही प्रदेश और राष्ट्र की खुशहाली निहित है और खेती व किसान पर हरियाणा सरकार की नीतियां केंद्रित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार सिरसा जिला के गांवों में नरमा की फसल में हुए नुकसान का सर्वे करवा कर जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाएगा।
ऊर्जा मंत्री आज जिला सिरसा के रानियां हलके के गांवों का दौरा कर सफेद मक्खी व गुलाबी सुंडी के कारण खराब हुई नरमा की फसल का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने गांव पंजुआना, शेखुपुरिया, फतेहपुरिया, जोधपुरिया, खारियां आदि गांवों के खेतों में पहुंच कर नरमे की फसल में हुए नुकसान का जायजा लिया और कहा कि नुकसान का आंकलन करके उचित मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फसल नुकसान का ब्यौरा अपलोड करने के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया गया है, इसलिए किसान अपनी फसल नुकसान का ब्यौरा जल्द से जल्द पोर्टल पर दर्ज करवाएं ताकि उनके नुकसान की भरपाई की जा सके।
वर्तमान राज्य सरकार हमेशा किसानों के साथ खड़ी है और हमने पहले भी किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान का मुआवजा देकर उनको आर्थिक सहयोग देने का काम किया है।
चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कृषि विकास को बढ़ावा देने और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं।
उर्वरक, बीज और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी प्रदान करने के साथ-साथ सरकार ने मिट्टी के स्वास्थ्य को बढ़ाने और टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। सरकार फसलों के तैयार होने से लेकर बाजार में उसकी बिक्री तक किसानों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करवा रही है।
**ऊर्जा मंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं:** ऊर्जा मंत्री अपने दौरे के दौरान गांव ढाणी ख्योवाली व खारियां में ग्रामीणों से रूबरू हुए और उनकी समस्याएं भी सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करें। नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं

## गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला की ओर से महानिदेशक कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के माध्यम से गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना 2023-24 के तहत लुप्त होती विभिन्न विद्याओं जैसे शास्त्रीय एवं लोक संगीत, मार्शल आर्ट, लोक थियेटर एवं दृश्य कला इत्यादि विधा के गुरुओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला को शास्त्रीय एवं लोक संगीत, मार्शल आर्ट, लोक थियेटर एवं दृश्य कला इत्यादि विधा में निपुण एवं पारंगत प्रशिक्षकों की प्रशिक्षण देने के लिए आवश्यकता है। आवेदन करने के लिए आयु 50 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

## 'किसानों को एमएसपी से वंचित करना बीजेपी-जेजेपी की अघोषित नीति'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पूर्व मुख्यमंत्री और** नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने धान और बाजरा किसानों की दुर्दशा के लिए बीजेपी-जेजेपी को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि किसानों को मुआवजे और एमएसपी के लिए वंचित करना गठबंधन सरकार की अघोषित नीति है। इसलिए जानबूझकर सरकार द्वारा देरी से सरकारी खरीद शुरू की गई ताकि किसानों को एमएसपी ना मिल सके। इतना ही नहीं खरीद शुरू होते ही सरकारी पोर्टल और व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। हमेशा की तरह पोर्टल ने काम करना बंद कर दिया। किसानों के गेट पास से लेकर जे फॉर्म और ई फॉर्म निकलने मुश्किल हो गए।

**साधा निशाना**

**8 धान-बाजरा की खरीद, उठान और भुगतान नहीं होने से किसान परेशान: भूपेंद्र सिंह हुड्डा**



खरीदी गई फसल के उठान को लेकर भी सरकार द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई। मंडियां धान और बाजरे से अटी पड़ी हैं और अभी लाखों क्विंटल फसल का आना बाकी है। लेकिन अभी से आवक पर रोक लगा दी गई है। किसानों को कई-कई घंटे और कई-कई दिन लंबे इंतजार से होकर गुजरना पड़ रहा है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने बार-बार सरकार से जल्द खरीद शुरू करने, मंडियों में व्यवस्थाएं सुधारने, उठान और भुगतान में तत्परता लाने की मांग की थी। लेकिन सरकार कुंभकरणी नींद सोई रही और किसानों को प्राइवेट एजेंसी के हवाले कर दिया। हुड्डा ने अपनी मांग दोहराते हुए कहा कि एमएसपी किसान का अधिकार है और प्रत्येक किसान की फसल एमएसपी पर बिकनी चाहिए।

## विद्यालय नए परीक्षा केन्द्र के लिए 30 तक कर सकते हैं आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित करवाई जाने वाली सैकेण्डरी व सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा मार्च-2024 के लिए राजकीय व अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालय नया परीक्षा केन्द्र बनवाने के लिए निर्धारित शुल्क एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित 30 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। डाऊनलोड कर उसे पूर्ण रूप से भरकर अपने संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी की सिफारिश सहित निर्धारित तिथि 30 सितम्बर, तक बोर्ड कार्यालय में दस्ती/पंजीकृत डाक के माध्यम से भिजवाना सुनिश्चित करें।

## वादों व घोषणाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाएगा: मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में हुए विकास कार्यों पर जनता ने मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में विकास की दृष्टि से प्रदेश का आने वाला समय स्वर्णिम काल होगा। अंत्योदय उत्थान के लक्ष्य व सबका साथ सबका विकास की विचारधारा के साथ समूचे हरियाणा प्रदेश में बिना भेदभाव के समान रूप से प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। यह बात उन्होंने मंगलवार को हल्का बादशाहपुर के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने अपने जनसंवाद कार्यक्रम में गांव हसनपुर, धानावास, खेंटावास, कालियावास व माकड़ौला में ग्रामीणों की बिजली, पेयजल, सडक, सिंचाई आदि समस्याएं सुनी और उनके समाधान के लिए मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं व मांगों का समाधान सुनिश्चित करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। आजादी के अमृत काल मे समाज के प्रत्येक वर्ग को सरकारी सेवाओं का लाभ देने के लिए सरकार पूरी ईमानदारी व निर्धारित लक्ष्यों के तहत आगे बढ़ रही है। सरकार की प्राथमिकताएं गिनाते हुए परिवहन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में गरीब परिवारों के आर्थिक उत्थान के लिए निरन्तर कल्याणकारी योजनाओं को पूरी गंभीरता के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है। यह कार्य फैमिली आईडी की वजह से संभव हो पाया है। पीपीपी की वजह से आज घर बैठे लोगों की पेंशन बन रही हैं और अनेक काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पारदर्शी शासन के विजन ने पुराने सिस्टम को बदलकर लीकेज रोकी है। पिछले नौ वर्षो में नौकरियों से लेकर सरकारी सेवाओं व सुविधाओ में पात्र व्यक्तियों को निर्धारित समयावधि में उनके हिस्से का लाभ प्रदान किया जा रहा है।



**विकास कार्य**

**8 समूचे हरियाणा प्रदेश में बिना भेदभाव के समान रूप से प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं**

## सितंबर में खरीफ फसलों की खरीद शुरू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य

### अभी तक 8.06 लाख मीट्रिक टन धान व 1.14 लाख मीट्रिक टन बाजरे की हुई खरीद

**सुगमत से**

**8 अब तक प्रदेश में 8.06 लाख मीट्रिक टन धान तथा 1.14 लाख मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की जा चुकी है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा की मंडियों में खरीफ विपणन सीजन- 2023 के दौरान धान व बाजरे की खरीद सुगमता से जारी है। अब तक प्रदेश में 8.06 लाख मीट्रिक टन धान तथा 1.14 लाख मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की जा चुकी है और 32 हजार से ज्यादा किसानों को डीबीटी के माध्यम से फसल खरीद के 690 करोड़ रुपये का भुगतान सीधे उनके खातों में किया जा चुका है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने खरीफ फसलों की जल्द आवक होने के मद्देनजर किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस बार पहली अक्तूबर की बजाय सितंबर माह में ही खरीफ फसलों की खरीद आरंभ करने का निर्णय लिया था। समय से पहले खरीफ फसलों की खरीद आरंभ करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य बन गया है।



**60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का है लक्ष्य:** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार किसानों की मांग पर 25 सितंबर को धान की खरीद शुरू की गई थी और इसके लिए प्रदेश में 231 मंडियां बनाई गई। खरीफ विपणन सीजन- 2023 के दौरान कुल 60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा 4.83 लाख मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 2.49 लाख मीट्रिक टन तथा हरियाणा राज्य भण्डारण निगम 74 हजार मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। इस खरीद हेतु 25815 किसानों को तय समयावधि के

## आईटीआई परिसर में आग जलाने से फैला धुआं, सांस लेना हुआ दूभर

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू कर चुका है। लेकिन ग्रैप के नियमों का कई जगह खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। मंगलवार को बहादुरगढ़ की झज्जर रोड पर स्थित आईटीआई में घास-फूंस और कूड़े कचरे को आग के हवाले कर दिया गया। यहां लेकिन यहां न तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की नजर पड़ी और न ही कार्रवाई करने वाले दूसरे विभागों की। आईटीआई में यह आग किसने और किस मकसद से लगाई। इस बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं है। बोर्ड के अधिकारियों से बातचीत करने पर वे दूसरे विभागों पर कार्रवाई करने के जिम्मे का पल्ला झाड़ते नजर आए। एक तरफ प्रदूषण बोर्ड के अधिकारी जहां ग्रैप को सख्ती से लागू करवाने का दावा कर रहे हैं।



लेकिन मंगलवार को शहर में उस समय ये दावे हवा हवाई नजर आए। जब सुबह 11 बजे आईटीआई में घास-फूंस में सरेआम आग लगाई गई और देखते ही देखते आसमान में धुएं का गुब्बार छा गया। इससे न केवल बहादुरगढ़ निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बल्कि एक्यूआई भी बढ़ गया।

# नरेला: आर्य समाज मंदिर में 'सपनों की उड़ान' कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन









**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**नरेला** के आर्य समाज मंदिर में सामाजिक ,सांस्कृतिक संस्था हमारी मेहनत फाउंडेशन ने 'सपनों की उड़ान' नामक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। इस दौरान संस्था के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। वही फ्रीडम ब्लड बैंक यमुना विहार के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं ने अपनी अहम भागीदारी देकर इसे सफल बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्य समाज नरेला के पूर्व प्रधान व प्रसिद्ध समाजसेवी हेमराज बंसल, आर्य समाज नरेला के प्रधान व युवा समाजसेवी संजय खत्री, समाजसेवी एनडी अरोड़ा मौजूद रहे। मंच संचालन रजत शर्मा ने किया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में रामदेव चौक स्थित आर्य समाज मंदिर में सामाजिक, सांस्कृतिक संस्था हमारी मेहनत फाउंडेशन द्वारा 'सपनों की उड़ान' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधे वितरण आदि कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथि हेमराज बंसल, संजय खत्री, एनडी अरोड़ा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था पदाधिकारी द्वारा अतिथियों का पटका पहनाकर, माल्यार्पण कर, पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान संस्था के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सबसे पहले बच्चों ने स्वागत गान की सुंदर प्रस्तुति दी। इसके पश्चात हरियाणवी लोकगीतों पर शानदार प्रस्तुति देकर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और अपने स्नेहमयी शब्दों से उनका उत्साह वर्धन किया। वहीं फ्रीडम ब्लड बैंक यमुना विहार के सहयोग से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं व युवाओं ने रक्तदान कर इसे सफल बनाया। फ्रीडम ब्लड बैंक ने सभी रक्तवीरों को हेलमेट प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में हमारी मेहनत फाउंडेशन की अध्यक्षा सुषमा गौतम ने सभी का धन्यवाद किया।
इस दौरान भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम में हेमराज बंसल, संजय खत्री, एनडी अरोडा, मनोज बंसल, राजेश खत्री, विकास बंसल, हमारी मेहनत फाउंडेशन अध्यक्षा सुषमा गौतम, संरक्षक राजू गौतम, एसपी जून, कमला शर्मा, ताराचंद कश्यप, विवेक अग्रवाल, अरुण आर्य, अजय गौतम, पूजा गौतम, सुजाता भारद्वाज, कविता अग्रवाल, अंशिका अग्रवाल, प्रीति राठी, संदीप, साहिल, हर्ष गौतम, हिमांशु, मनीषा, स्वाती, अनहद म्यूजिकल अकादमी से हर्ष, तरुण, अरोड़ा इवेंट से अंकित अरोड़ा सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## न्यूज फ्लैश

### कोई भी पात्र व्यक्ति वोट बनवाने से न रहे वंचित: अनुभव मेहता

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**एसडीएम अनुभव** मेहता ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने नई वोट बनवाने के लिए पात्र व्यक्तियों का चुनाव से पहले एक और मौका दिया है। इसके तहत एक जनवरी 2024 को क्वालिफाई तिथि मानकर 27 अक्तूबर से लेकर 9 दिसम्बर तक सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा नई वोट बनाने का कार्य पूरा किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत कोई भी पात्र व्यक्ति वोट बनवाने से वंचित न रहे। एसडीएम मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में मतदान केंद्रों के रैशनेलाईजेशन के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का आहवान किया कि वे बुथ लेवल एजेंटों को सतर्क करें ताकि वे अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के वोट बनवाने में मदद कर सके। इसके अलावा वे अपनी-अपनी पार्टी के नेताओं व पद अधिकारियों की मतदाता सूची में वोट भी चैक कर लें, ताकि उन्हें चुनाव के समय किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।
उन्होंने कहा कि यदि कोई बीएलओ मतदान केंद्र पर नहीं बैठता है तो उसकी सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय में दें। इसके अलावा यदि किसी मतदाता की मृत्यु हो गई है तो इसकी सूचना संबंधित बीएलओ को दी जाए, ताकि मृतक मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाया जा सके।
जिला में अब तक तैयार की गई मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 27 अक्तूबर को किया जाएगा।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं.: 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं.: 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं.: 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं.: 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं.: 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं.: 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं.: 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं.: 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं.: 94162 71181)

# 'आज तानाशाही की तरफ जाने की हो रही कोशिश'

## बीजेपी ने साजिश के तहत चुनाव आयोग चयन समिति से मुख्य न्यायाधीश को हटाया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**आम आदमी पार्टी** के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा मंगलवार को जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ता संवाद में शामिल हुए। उनके साथ सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और लीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष मोक्ष पसरीजा भी मौजूद रहे। इस दौरान 10 अक्टूबर को होने वाले संविधान बचाओ मार्च का निमंत्रण दिया और लोकतंत्र बचाने के लिए हस्ताक्षर कैंपेन चलाया।
अनुराग ढांडा ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम बचपन से पढ़ते आ रहे हैं कि लोकतंत्र के चार स्तंभ होते हैं, जिसमें न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और मीडिया है। जिनके ऊपर लोकतंत्र टिका हुआ हैए, लेकिन आज के दिन लोकतंत्र से तानाशाही की तरफ जाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के एक स्तंभ मीडिया का कोंप्रोमाइज हो चुका है। कुछ साथी अभी भी संघर्ष कर रहे हैं, जो



सत्ता के खिलाफ आवाज उठाते हैं। दूसरा स्तंभ है कार्यपालिका, कार्यपालिका अंग्रेजों के जमाने में भी कोई स्टैंड नहीं ले पाई, क्योंकि नियम के हिसाब से बंधे होते हैं। अपने आप से कोई फैसले नहीं ले सकते। तीसरा है विधायिका, इसमें ढेर सारे उदाहरण देश के पास हैं कि कैसे चुनी हुई सरकारों को पैसे के दम पर बदल दिया गया। कैसे चुनी हुई सरकारें ईडी, सीबीआई के दम पर बदली गई। लेकिन अब विधायिका को परमानेंट कोंप्रोमाइज करने की कोशिश हो रही है। इसके लिए सीधा इलेक्शन कमीशन को टारगेट किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इलेक्शन कमीशन की कमेटी से चीफ जस्टिस को बाहर कर दिया। चीफ जस्टिस को इलेक्शन कमेटी से बाहर करना सवाल खड़ा करता है कि भाजपा सरकार इलेक्शन कमीशन में अपनी मर्जी के व्यक्ति को बैठाकर चुनाव प्रक्रिया को कोंप्रोमाइज करके अपने तरीके से सरकार चलाना चाहती है। इसका मतलब न्यायपालिका पर जो हमला किया जा रहा है, ये लोकतंत्र पर आखिरी हमला है।
उन्होंने कहा कि जब न्यायपालिका के एक के बाद एक फैसले को पलटना शुरू हो जाए तो हमें समझ लेना चाहिए कि लोकतंत्र के आखिरी स्तंभ को गिराने की कोशिश हो रही है। उस कोशिश को रोकने का सबसे पहला दायित्व अधिवक्ताओं को बनता है। क्योंकि एक तो इससे आपकी रोजी रोटी चलती है और इतिहास की तरफ  झांककर देखें तो चाहे स्वतंत्रता संग्राम हुआ हो, चाहे इमरजेंसी का दौर रहा हो, यदि किसी ने अनैतिक चीजों का मुकाबला करने में सबसे ज्यादा ताकत दिखाई तो वो लीगल फ्रेटरनिटी ने दिखाई।
उन्होंने कहा कि समाज की जितनी भी समस्याएं हैं वो कोर्ट में पहुंचती हैं और कोर्ट में पहुंचने से पहले वकीलों के बीच चचाओं के लिए आती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के पास भी इतनी समस्याएं निवारण के लिए नहीं जाती, वकीलों के समक्ष लोग लेकर आते हैं। इसलिए समाज में कैसे चल रहा है? क्या चल रहा है? क्या समस्याएं हैं और समाज किस तरफ जा रहा है, उसको कैसे सही दिशा में ले जाया जा सकता है। इस सारे सवालों के बारे में जितनी समझ लीगल फ्रेटरनिटी को होती है, इतनी किसी को नहीं हो सकती। अनुराग ढांडा ने कहा किजब ये लड़ाई चल रही है कि सेव द कोंस्टिट्यूशन तो आपका दायित्व बनता है कि आप सब 10 अक्टूबर को दिल्ली में बढ़-चढकर हिस्सा लें, ताकि सुप्रीम कोर्ट के जजों का भी हौसला बढ़े कि हमारे साथ पूरे देश के वकील खड़े हैं। ये कोई राजनीतिक कैंपेन नहीं है, ये संविधान को बचाने की लड़ाई है।

## 'इग्नू ने 10 अक्टूबर तक बढ़ाई दाखिलों की अंतिम तिथि'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**इग्नू के** क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ. धर्मपाल ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय जुलाई 2023  सत्र के लिए सर्टिफिकेट को छोडकर बाकी सभी पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण अभी चल रहे हैं। पंजीकरण के पात्र और योग्य उम्मीदवार, जिन्होंने अभी तक आवेदन नहीं किया है, वे आज ही अपना रजिस्ट्रेशन कर लें इग्नू में दाखिले के लिए उम्मीदवारों को इग्नू की आधिकारिक साइट द्वद्दठ्ठशह्व.ड्डष्.द्वठ्ठ पर जाकर आवेदन पत्र जमा करना होगा।
उन्होंने बताया कि जुलाई 2023 सत्र के लिए पंजीकरण की समय सीमा 30 सितंबर को समाप्त होने वाली थी, जिसे बढ़ाकर 10 अक्टूबर कर दिया गया है।
उन्होंने बताया कि जो नए पंजीकरण के साथ-साथ पुनः पंजीकरण के लिए भी 200 रुपये लेट फीस के साथ 10 अक्टूबर तक अंतिम तिथि बढ़ा दी गयी है।
इग्नू में दाखिला लेने के लिए रजिस्टर करने के लिए उम्मीदवारों को फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, आयु प्रमाण, प्रासंगिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति, श्रेणी प्रमाण पत्र (यदि कोई हो) की स्कैन की गई छवियों को अपलोड करना होगा।

## बाल भवन में हुआ रोहतक के 20 छात्र-छात्राओं व उनके प्राध्यापकों का आगमन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**उपायुक्त** अनीश यादव के आदेशानुसार जिला बाल कल्याण परिषद बाल भवन में ग्रामीण सहभागिता कार्यक्रम के लिए इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रोहतक के 20 छात्र-छात्राओं व उनके प्राध्यापकों का आगमन हुआ। इस  कार्यक्रम के लिए जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मालिक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं 3 से 7 अक्तूबर तक स्वास्थ्य



विभाग, कृषि विभाग एवं शिक्षा विभाग की सरकारी योजनाओं व क्षेत्रों का अध्ययन करेंगे।
इन्हीं विषयो पर चर्चा के लिए नोडल अधिकारी द्वारा इन क्षेत्रों के अधिकारियों, छात्र-छात्राओं व उनके प्राध्यापको के बीच समन्वय के लिए एक मीटिंग बुलाई गयी। छात्र-छात्राओं द्वारा कुंजपुरा एवं मधुबन के पीएचसी एवं सीएचसी द्वारा दौरा किया जाएगा तथा स्वास्थ्य क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से मिलकर उस क्षेत्र की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। छात्र-छात्राओं का अग्रिम दौरा 4 अक्तूबर को स्वास्थ्य एवं कृषि क्षेत्र में होगा तथा कृषि से सम्बन्धित जानकारी लेंगे। इसके बाद 5 अक्तूबर को दोबारा फिर कृषि के क्षेत्र का अध्ययन करेंगे। इसी प्रकार 6 व 7 अक्तूबर को शिक्षा के क्षेत्र का अध्ययन करेंगे।

## शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी है योग : शमशेर नैन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**पतंजलि** योग समिति एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के अध्यक्ष सोम अरोड़ा के दिशा निर्देश में चलाई जा रही दिव्य योग कक्षा सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट में मंगलवार को विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाया गया।
योग शिक्षक शमशेर सिंह नैन ने कहा कि योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। ऐसा करना आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए लाभकारी है। योग की प्राचीन प्रथा हजारों वर्षों से चली आ रही है और यह कई



प्रकार के लाभ प्रदान करती है जो आपको अधिक संतुलित, स्वस्थ और पूर्ण जीवन जीने में मदद कर सकते हैं। लचीलेपन और शक्ति में सुधार से लेकर तनाव और चिंता को कम करने तक, योग आपको शांति और शांति की भावना प्राप्त करने में मदद कर सकता है, जो आज की तेजी से भागती दुनिया में मिलना मुश्किल है।

## इच्छा शक्ति हो तो समस्याओं का हो सकता है हल: राव सुखबिन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल** । छोटी-छोटी समस्याएं भी ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं, जबकि उनका समाधान आसानी से हो सकता है किन्तु इच्छा शक्ति के अभाव में न तो जनप्रतिनिधि इस और ध्यान देते हैं और न ही अधिकारी इसलिए लोग परेशान होते रहते हैं।
उक्त विचार बिजली वितरण निगम के पूर्व अधीक्षण अभियंता राव सुखबिन्द्र सिंह ने गाँव डेरोली अहीर में अपने जन संपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए व्यक्त किये उन्होंने कहा कि वे पहले गाँव-गाँव जाकर सार्वजनिक समस्या पता कर रहे हैं।

## वाचनाचार्य मनोहर मुनि जी युगांतरकारी महापुरुष थे: महासाध्वी प्रमिला



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्र संत** वरिष्ठ उपाध्याय वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि जी महाराज प्रखर वक्ता, अनुपम साहित्यकार, अनूठे समाजसुधारक तथा समाज कल्याण हेतु अनेक रचनात्मक ठोस प्रकल्पों द्वारा वर्तमान के साथ भविष्य की पीढ़ी का उज्ज्वल जीवन सुनिश्चित करने वाले युगांतरकारी महापुरुष थे।
वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि जी महाराज की आठवीं पुण्य स्मृति जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए तपोनिष्ठ शांतिमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में कहा कि महापुरुष जाति, वर्ग, संप्रदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर मानव मात्र के शाश्वत एवं स्थाई हित के लिए सर्वात्मना समर्पित रहते हैं।
उन्होंने लगभग संपूर्ण भारतवर्ष की पदयात्रा कर मानव मात्र को व्यसनों से बचाकर सभी का कल्याण किया। उनकी चरण शरण में आकर सभी को आत्म शांति का अनुभव होता था। उनकी प्रवचन शैली सभी को मंत्रमुग्ध कर जीवन जीने की कला का बोध देती थी। उनके उपदेश दार्शनिक होते हुए भी सहज एवं सुबोध थे। बड़े से बड़ा सम्मान पाकर भी उनकी विनम्रता तथा अनासक्ति अद्भुत थी।
उन्होंने सिर्फ ज्ञान की आराधना कर उसमें विशेष प्रगति मात्र ही नहीं की थी, बल्कि उसे आत्मसात भी किया था। उनकी दूरगामी दृष्टि के जीवंत उदाहरण के रूप में अनेक धर्म केंद्र, साधना स्थल, विद्यालय तथा चिकित्सालय वर्तमान समय में सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं।
इस अवसर पर तीर्थस्थल आराधना मंदिर के बाहर कढ़ी-चावल, आलू-पूरी, हलवे का विशाल भंडारा लगाया गया, जिसमें सैंकड़ों यात्रियों ने प्रसाद ग्रहण किया। अनिल प्रकाश अग्रवाल- रेनू अग्रवाल (प्रकाश राइस मिल) ने लंगर सेवा का लाभ लिया।

## महान शख्सियतों को मिला शहीद भगत सिंह लीडरशिप अवार्ड

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एंव ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा शहीद भगत सिंह जयंती पर लीडरशिप अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री सेलिब्रिटी गेस्ट, शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह विशेष अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.रणजोध सिंह व नेशनल चेयरमैन विजय गुप्ता, नेशनल चीफ प्रवीण कुमार बंसल अति विशिष्ट अतिथि व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी एसपी चौहान, उद्यमी गुरजीत सिंह, समाजसेविका अनीता



भरद्वाज, समाजसेवी जसबीर सिंह ने शिरकत की। फाउंडर व नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर भाग्यश्री ने अपने मनमोहक अंदाज से सब का दिल जीता। शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत संधू ने शहीद भगत सिंह की यादें ताजा की।
भाग्यश्री द्वारा लीडरशिप अवार्ड से विभिन्न राज्यों की महान शख्सियतों सावी चौधरी, पायल मित्तल, विशाल काठ, गौरव गाबा, रवि शर्मा, पंकज गर्ग, ईशा चौधरी, सुनील गगनेजा, शैली शर्मा, शैलजा गुप्ता, हरप्रीत कौर देओल, सुखदेव सिंह, गुंजन भटनागर, परमशिवम नटराजन, डॉ.धरणी नरसिम्हार, शुभलक्ष बंसल, रविंदर कौर, मोनिका चौधरी, राजेंदर कुमार, राजेश खन्ना, आमिर हमजा, सुमित पुजाना, फिरदौस, बिक्रम चौधरी, अजय गुप्ता, मुकेश सैन, नीलम ठाकुर, भूपाल सिंह, बबीता शर्मा, राकेश मक्कर, नमना अहलावत, गगनदीप मल्होत्रा, शशि शर्मा, गोपीचंद, सुगंती देवी, राजीव, रेखा राणा, नितिन गर्ग, दीपक गर्ग, विकास जैन, पवन शर्मा, डॉ.जाकिर सईद, समर्पण बाबू, कनुप्रिया, सुमन सूद, राजीव गगनेजा, आश्रय चौरसिआ, गौरव गुप्ता, कमलप्रीत कौर को सम्मानित किया।

## जन संवाद कार्यक्रमों से सरकारी योजनाओं के प्रति जनता हो रही है जागरूक: कृष्ण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**राज्यसभा** सांसद कृष्ण लाल पंवार ने मंगलवार को इंद्री व नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न गांवों में आमजन के बीच जाकर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किये। इस दौरान उन्होंने नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के दादुपुर, बडलावा तथा इंद्री विधानसभा क्षेत्र के रैतखाना, धानोंखेड़ी व कलरी जागीर गांव में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किये और जनता की समस्याओं को सुना। इसके उपरांत उन्होंने मौके पर सभी विभागों की समस्याओं से सबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे तय समय सीमा में इन समस्याओं का निवारण कर मुझे व वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवायेंगे। इस दौरान राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निदेर्शानुसार प्रदेश के सभी मंत्री व सांसद आमजन के बीच जाकर जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी समस्याओं का निदान कर रहें हैं।
उन्होंने कहा कि जिस तरह से जनता में सरकार की जनकल्याण योजनाओं के प्रति हौसला और उमंग दिखाई पड़ता है, ऐसे में निश्चित तौर पर केन्द्र व हरियाणा में तीसरी बार भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में



भाजपा की नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जनहित में कार्य कर रही है। हाल में हुई जी-20 की बैठक की मेजबानी से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने देश ने दुनियाभर में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इसी कड़ी में सुरक्षा की दृष्टि से आज कोई दुश्मन देश भारत की तरफ देख भी नहीं सकता। उन्होंने कहा कि केन्द्र की सरकार ने देशभर में 12 करोड़ घरों में शौचालय बनवाने का काम किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने हर घर को गैस कनेक्शन देने के साथ- साथ प्रदेश को केरोसिन मुक्त भी करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत व्यक्ति की हादसे के दौरान मृत्यु पर परिवार को दो लाख रुपये की राशी और घायल होने पर योजना के अनुसार एक लाख रुपये की राशी दी जाती है। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत गरीब लोगों को व्यापार करने हेतु योजना अनुसार दस हजार रुपये से लेकर दस लाख रुपये तक का लोन दिया जाता है।
इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के, क्षेत्रवाद व भ्रष्टचार मुक्त नीति के साथ समान भावना से कार्य कर रही है। उन्होंने सांसद से अपने विधानसभा क्षेत्र में कन्या कॉलेज के भी माँग की।
उन्होंने कहा कि इंद्री विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कसर नहीं छोड़ी जायेगी। आज केन्द्र व प्रदेश सरकार बेहतर तालमेल के साथ जनहित कार्य कर रही हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के प्रति अपनी विशेष आस्था रखते हैं।
जन संवाद कार्यक्रमों में सांसद कृष्ण लाल पंवार के सामने उपरोक्त सभी गांवों के सरपंचों ने अपने-अपने गांव से सबंधित मूलभूत सुविधाओं के लिए अपने मांग पत्र रखें, जिस पर सांसद ने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी सभी मांगों को कल ही मुख्यमंत्री के पास भेज दिया जायेगा और तय समय सीमा में ही इनका निवारण कर दिया जाएगा।

## संपादकीय

# न्यूजक्लिक पर तगड़ा फ्लिक

**विदेश** से मिले फंड खास तौर पर चीन से मिले पैसों के खुलासे के बाद विवादों से घिरे इंटरनेट समाचार सूचना प्लेटफार्म देश के न्यूजक्लिक पर दिल्ली पुलिस ने तगड़ा फ्लिक किया है। दिल्ली पुलिस ने इससे संबद्ध नोएडा और गाजियाबाद समेत कुछ स्थानों पर दबिश दी है। इसके कर्ता-धर्ता यानी प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ हैं। पुरकायस्थ को इससे पहले दिल्ली पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेस विंग की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने 22 अगस्त को नोटिस भी दिया था। याचिका में अंतरिम आदेश वापस लेने की अपील की गई थी। अंतरिम आदेश में प्रबीर के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर प्रतिबंध लगाया गया था। दिल्ली पुलिस ने इस बार अपने रडार पर कई चर्चित पत्रकारों को लिया है। इनमें पुरकायस्थ के अलावा अभिसार शर्मा, उर्मिलेश, संजय राजौरा, भाषा सिंह, औनिंद्यो चक्रवर्ती और सोहेल हाशमी हैं। इसकी वजह यह है कि यह सभी न्यूजक्लिक से किसी न किसी तरह संबद्ध हैं। इनको कुछ न कुछ पैसे मिले हैं। दो साल पहले 2021 में दिल्ली हाई कोर्ट ने सात जुलाई को प्रबीर पुरकायस्थ को गिरफ्तार न करने का आदेश पुलिस को दिया था। मगर दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पुरकायस्थ को अधिकारियों के निदेर्शों के मुताबिक जांच में सहयोग करना होगा। न्यूजक्लिक के वित्तपोषण की गूंज इस साल संसद के मानसून सत्र में हो चुकी है। सात अगस्त को लोकसभा में भाजपा के निशिकांत दुबे ने न्यूजक्लिक को मिलने वाली चाइना की फंडिंग का मुद्दा जोरशोर से उठाया था। यह वही दिन है जब राहुल गांधी सदस्यता बहाल होने पर 137 दिन बाद संसद भवन पहुंचे थे। दुबे ने कहा था कि देश में पड़ोसी देश के पैसे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ माहौल बनाया गया। न्यूजक्लिक में पड़ोसी देश से पैसा आया। इस पर कांग्रेस ने काफी बवाल किया। आखिर में दुबे की टिप्पणी के कुछ अंश हटाए गए। विरोध की लपटें शांत न होने पर केंद्रीयमंत्री अनुराग ठाकुर को सामने आना पड़ा। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि 'कांग्रेस, चीन और विवादित न्यूज वेबसाइट न्यूजक्लिक एक ही गर्भनाल से जुड़े हैं। राहुल गांधी की 'नकली मोहब्बत की दुकान' में पड़ोसी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम नजर आ रहा है। वे भारत विरोधी अभियान चला रहे हैं।' अनुराग ठाकुर ने कहा था कि न्यूजक्लिक को कहां-कहां से पैसा मिला, इस सबकी जानकारी है। इनकी फंडिंग का जाल देखेंगे तो नेवल रॉय सिंघम ने इसको फंडिंग की। फंडिंग उसे चीन की ओर से आई। दिल्ली पुलिस की न्यूजक्लिक पर ताजा कार्रवाई को कांग्रेस को पच नहीं रही। तीन अक्टूबर दिन मंगलवार की यह कार्रवाई 17 अगस्त को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत दर्ज मामले पर आधारित है। इसमें धारा 153ए (दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और धारा 120बी (आपराधिक साजिश) लगी हैं। यहां यह भी जानना जरूरी है कि न्यूजक्लिक के संबंध में न्यूयॉर्क टाइम्स ने विस्फोटक रिपोर्ट छापी थी। इसमें भी दावा किया गया था कि इस वेबसाइट को चीन से वक्त बे वक्त पर फंड मिलता है। इसके बाद यह भी आरोप लगे कि इस वेबसाइट को 'अमेरिकी टेक मुगल नेविल रॉय सिंघम' वित्त पोषित करते हैं।


# राजनीतिक तापमान बढ़ाएगा जातिगत जनगणना

–राजेश माहेश्वरी

> वहीं कुछ का मानना है कि जातिगत जनगणना कराने से कई तरह के आंकड़े सामने आएंगे, इसलिए केंद्र सरकार जनगणना ही नहीं करा रही है, जो कि साल 2021 में हो जानी थी। ऐसे में विपक्ष को मौका मिला है इसलिए वो गोलबंद होकर इस मुद्दे को उठा रहा हैं. जनगणना कराने से बेरोजगारी, एनएसएसओ के आंकड़े, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की आत्महत्या, कोविड में हुए जानमाल का नुकसान, नोटबंदी और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़े असर के वास्तविक आंकड़े भी बाहर आ जाएगें। इसी का डर बीजेपी को है। ऐसे में जातिगत जनगणना से जो आंकड़े सामने आएंगे उसका दबाव बीजेपी के ऊपर होगा। विपक्ष इस बात को समझता है और इसलिए उसने जातिगत जनगणना की मांग की है ताकि चुनावों में इसका फायदा उठाया जा सके

**बिहार** सरकार ने गांधी जयंती के दिन जाति आधारित जनगणना के आंकड़े जारी किए हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक राज्य में सबसे बड़ी आबादी अत्यंत पिछड़ा वर्ग की है, जो राज्य की कुल आबादी के करीब 36 फीसदी है। जातिगत जनगणना के आंकड़े सावर्जनिक होने के बाद पूरे देष में यह मुद्दा चर्चा का में बना हुआ है। बिहार में सरकार यह दावा करती रही है कि जाति आधारित जनगणना के आंकड़ों के आधार पर सरकारी योजना बनाने में मदद मिलेगी और जरूरतमंद लोगों के लिए योजना बनाने में सरकार को मदद मिलेगी। आंकड़े जारी होने के बाद अलग-अलग पार्टियां भी इसका श्रेय लेने की होड़ में शामिल हैं। कुल मिलाकर इस मुद्दे पर जमकर राजनीति शुरू हो चुकी है। विपक्षी पार्टियों के गठबंधन इंडिया ने बीती 18 जुलाई को बेंगलुरु में बैठक के बाद देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग की थी। कांग्रेस पार्टी के कई बड़े नेताओं ने हाल के समय में जातिगत जनगणना के मुद्दे को जोर शोर से उठाया है। जातिगत जनगणना के साथ एक नारा भी लगाया जाता है जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। राहुल गांधी ने भी 2011 जातिगत जनगणना के आंकड़ों को सार्वजनिक करने और पिछड़े वर्ग, दलितों और आदिवासियों को उनकी जनसंख्या के हिसाब से आरक्षण देने की मांग कई बार की है। दरअसल जातिगत संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग कर विपक्ष दलितों और पिछड़ों के बड़े वोट को अपने पक्ष में लाना चाहता है। माना जाता है कि इससे बीजेपी के कथित हिन्दू वोट बैंक को भी कमजोर किया जा सकता है।

बिहार सरकार द्वारा जातिगत जनगणना के आंकड़े पेष करने से पर्वू देश में 1931 में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी हुए थे। तब से आज तक न ही देश के स्तर पर और न ही राज्य के स्तर पर जातिगत जनगणना के कोई आंकड़े जारी हुए थे। 80 के दशक में जातियों पर आधारित कई क्षेत्रीय पार्टियों का उभार हुआ। इन पार्टियों ने सरकारी शिक्षण संस्थानों और नौकरियों में आरक्षण दिए जाने को लेकर अभियान चलाया। इसी दौरान जातियों की संख्या के आधार पर आरक्षण की मांग सबसे पहले यूपी में बसपा नेता कांशीराम ने की। भारत सरकार ने साल 1979 में सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी जातियों को आरक्षण देने के मसले पर मंडल कमीशन




का गठन किया। मंडल कमीशन ने व्ठब को आरक्षण देने की सिफारिश की। इस सिफारिश को 1990 में उस वक्त के प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने लागू किया। इसके बाद देशभर में सामान्य श्रेणी के छात्रों ने उग्र विरोध प्रदर्शन किए। साल 2010 में लालू प्रसाद यादव और मुलायम सिंह यादव जैसे ओबीसी नेताओं ने मनमोहन सरकार पर जातिगत जनगणना कराने का दबाव बनाया। इसके साथ ही पिछड़ी जाति के कांग्रेस नेता भी ऐसा चाहते थे। मनमोहन सरकार ने 2011 में सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना कराने का फैसला किया। इसके लिए 4 हजार 389 करोड़ रुपए का बजट पास हुआ। 2013 में ये जनगणना पूरी हुई, लेकिन इसमें जातियों का डेटा आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना का डेटा 2013 तक जुटाया गया। इसे प्रॉसेस करके फाइनल रिपोर्ट तैयार होती, तब तक सत्ता बदल गई और 2014 में केंद्र में मोदी सरकार आ गई। जुलाई 2015 में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले उस वक्त के वित्त मंत्री अरुण जेटली ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी करने का वादा किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि डेटा में 46 लाख कास्ट, सब कास्ट हैं। इसे राज्य सरकारों को भेजकर क्लब करने को कहा गया है। इसके अलावा नीति आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाएगी, जो इस कास्ट डेटा को क्लासिफाई करेगी। जब यह कार्रवाई पूरी हो जाएगी तो इस डेटा को सार्वजनिक किया जाएगा। 2016 में जातियों को छोड़कर सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना का बाकी डेटा मोदी सरकार ने जारी कर दिया। चूंकि कमेटी के अन्य सदस्यों का नाम तय नहीं हुआ, लिहाजा इस वजह से कभी मीटिंग ही नहीं हुई। इसलिए जनगणना में जुटाए जातियों के आंकड़े जस के तस पड़े हैं, यानी जारी ही नहीं हुए। राष्ट्रीय स्तर पर 1931 की अंतिम जातिगत जनगणना में जातियों की कुल संख्या 4,147 थी, सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना-2011 में 46 लाख विभिन्न जातियां दर्ज हुई हैं। चूंकि देश में इतनी जातियां होना नामुमकिन हैं। सरकार ने कहा है कि संपूर्ण डेटा सेट खामियों से भरा हुआ है। इस वजह से रिजर्वेशन और पॉलिसी डिसीजन में इस डेटा का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इस मुद्दे पर राजनीति भी तेज हो गई है। जानकारों के मुताबिक बीजेपी नहीं चाहती है कि जातिगत जनगणना हो। उनको पता है कि जो पिछड़े हैं उनकी जनसंख्या ज्यादा होगी। बीजेपी को लगता है कि इससे अगड़ी जाति का उसका वोट बैंक नाराज हो जाएगा। वहीं कुछ का मानना है कि जातिगत जनगणना कराने से कई तरह के आंकड़े सामने आएंगे, इसलिए केंद्र सरकार जनगणना ही नहीं करा रही है, जो कि साल 2021 में हो जानी थी। ऐसे में विपक्ष को मौका मिला है इसलिए वो गोलबंद होकर इस मुद्दे को उठा रहा हैं. जनगणना कराने से बेरोजगारी, एनएसएसओ के आंकड़े, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की आत्महत्या, कोविड में हुए जानमाल का नुकसान, नोटबंदी और देश की अर्थव्यवस्था पर पड़े असर के वास्तविक आंकड़े भी बाहर आ जाएगें। इसी का डर बीजेपी को है। ऐसे में जातिगत जनगणना से जो आंकड़े सामने आएंगे उसका दबाव बीजेपी के ऊपर होगा। विपक्ष इस बात को समझता है और इसलिए उसने जातिगत जनगणना की मांग की है ताकि चुनावों में इसका फायदा उठाया जा सके। बिहार की जाति जनगणना रिपोर्ट के जरिए विपक्ष को मोदी सरकार को घेरने के लिए एक बड़ा हथियार मिल गया है। राजनीति के जानकारों का यह भी मानना है कि विपक्षी दलों को लगता है कि वो जातिगत जनगणना को बड़ा मुद्दा बना लेंगे लेकिन यह आसान नहीं होगा, इसके लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी होगी. उनके मुताबिक जातिगत समीकरण को तोड़ने के लिए अब बहुत सारे विकल्प हैं जैसे गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं. यानि इस तरह से उनको अपने पक्ष में करना ज्यादा आसान है. बिहार सरकार द्वारा जातिगत जनगणना के आंकड़े प्रस्तुत करने के बाद यह मुद्दा फिर एक बार चर्चा में आ चुका है। बिहार की जाति जनगणना रिपोर्ट के जरिए विपक्ष को मोदी सरकार को घेरने के लिए एक बड़ा हथियार मिल गया है। हालांकि, बीजेपी ने भी इस रिपोर्ट का खुलकर समर्थन किया है। नीतीश कुमार के इस मास्टर स्ट्रोक का कितना असर होगा ये तो आने वाले वक्त में पता चल जाएगा। पर इसका असर ये है कि कांग्रेस समेत लगभग सभी विपक्षी दल केंद्र सरकार से जाति जनगणना की मांग कर रहे हैं। बिहार की रिपोर्ट जारी होने के बाद इतना तो तय है कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर प्रेशर बढ़ेगा। देशभर में विपक्षी गठबंधन की गोलबंदी के अगुआ नीतीश कुमार ने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी का सिरदर्द बढ़ा दिया है। इस रिपोर्ट के जारी होने के बाद ही आरजेडी चीफ लालू यादव ने कहा कि इस आबादी के हिसाब से ही नीतियां बनाने का वक्त है। बिहार की तरह ही जाति आधारित जनगणना कराने की मांग राष्ट्रीय राजनीति में भी खड़ी हो सकती है। जिस तरीके से विपक्षी नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं वो निश्चित रूप से केंद्र की बीजेपी सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती है। यानी आने वाले वक्त में ये मुद्दा देश की सियासी फिजा में गरमी लाने वाली है।

## कविता

कल तक जो विशिष्ट था
वह अब अपशिष्ट है
उसका न कोई परिशिष्ट है
वह छोड़ दिया गया है
लावारिश सा...?
घर के किसी कोने में या आसपास
खुली सड़क या फिर मैदान में
कल वह ! कचरा बन जाएगा
अपनों से जो छूट जाता है
वह गैरों से भी रूठ जाता है...?
लोग उसे अर्थहींन समझते हैं
कचरे की माफीक ?
वह कबाड़ बन जाएगा
कबाड़ी को बिक जाएगा
या फिर कूड़ा बन जाएगा
हाँ ! वहीं विशिष्ट
कल अपशिष्ट बन जाएगा
शायद ! यहीं नियति है ?

प्रभुनाथ शुक्ल

## सामाजिक समरसता के लिए एकजुट होने का समय

**मृत्युंजय दीक्षित**

**उत्तर प्रदेश के मुख्य**मंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पवान हैं। वे स्वयं कानून व्यवस्था की छोटी से छोटी घटना पर पैनी दृष्टि रखते हैं और यही कारण है कि आज प्रदेश के जमनमानस में सुरक्षा का भाव जाग्रत हुआ है। प्रदेश की बेटियों में मनोबल ऊंचा हुआ है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट घोषणा कर रखी है कि यदि कोई शोहदा या अराजक तत्व किसी बहन- बेटी की सुरक्षा में सेंधमारी का प्रयास करेगा तो अगले चौराहे पर यमराज ही दिखलायी पड़ेंगे। मुख्यमंत्री की इस घोषणा का प्रभाव भी दिखाई पड़ रहा है। महिला सुरक्षा की चिंता करने के कारण भगवा धारी महंत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता मुस्लिम महिलाओं के बीच भी तेजी से बढ़ रही है जिसके कारण मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के मन में अशांति होना स्वाभाविक है। सपा, बसपा, कांग्रेस व अन्य सभी छोटी पार्टियों के मन में यह भय है कि अगर 5 से 10 प्रतिशत मुस्लिम महिलाओं व मतदाता का वोट अगर भाजपा को चला गया तो उनका तो अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और भाजपा उप्र की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने में कामयाब हो जाएगी। यही कारण है कि अब इन दलों ने भाजपा के खिलाफ जनमानस को भड़काने के लिए प्रदेश के वातावरण को अशांत करने के उपक्रम प्रारम्भ कर दिए हैं । समाजवादी पार्टी के सभी मुस्लिम सांसद हर दिन कोई न कोई झूठ पर आधारित बयान दे रहे हैं। हालात इतने अधिक बिगड़ गये हैं कि जब संसद के नये भवन का उदघाटन होने जा रहा था उस समय सपा के एक मुस्लिम सांसद ने बयान दिया कि नये संसद भवन में नमाज पढ़ने के लिए व्यवस्था की जाए। फिर संसद का सत्र समाप्त हो जाने के बाद भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी और बसपा सांसद दानिश का प्रकरण प्रकट हो जाता है और सभी विरोधी दल आंख मूंदकर केवल और केवल दानिश के समर्थन में ही बयानबाजी करते हैं जबकि दानिश ने पहले प्रधानमंत्री जी को अपशब्द कहकर विधूड़ी जी को उकसाया था । सच तो ये है कि बसपा के मुस्लिम सांसद दानिश के पक्ष में सहानुभुति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ वातावरण बनाना चाहते हैं । यहां पर कुछ अन्य आपराधिक घटनाओं का संज्ञान लेना आवश्यक है क्योंकि इनसे पता चल रहा है कि प्रदेश के शहर- शहर में नफरत का जहर घोला जा रहा है। कुशीनगर, उन्नाव, बदांयू, जालौन और मुरादाबाद आदि जिलों में हुई घटनाएं और इन घटनाओं का पैटर्न बहुत ही चिंताजनक है । उन्नाव में बाबा बोधेश्वर महादेव में सुबह पूजा कर रहे भक्तों पर एक मुस्लिम युवक जावेद ने अचानक डंडे से हमला कर दिया। हमले में सेवा निवृत्त कानूनगो सामेत तीन भक्त गंभीर रूप से घायल हो गये जबकि नौ अन्य लोगों को भी चोटें आईं जिन्हें इलाज के बाद छुट्टी मिल गयी। आरोपी जावेद को वहां उपस्थित भीड़ की सहायता से पुलिस ने पकड़ लिया और कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया है।

## विचार

# भारत-अमेरिका रिश्तों में बेहतरीन केमिस्ट्री

**किशन भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर जिस तेजी के साथ माहौल बदल रहा है, गरीब देश विकासशील और विकासशील देश विकसित देश की श्रेणी की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, सफलताओं के नए-नए आयामों को अंजाम दे रहे हैं, अविश्वसनीय सफलताएं अर्जित कर रहे हैं, वैश्विक मंचों पर दमदार रोबदार स्थान प्राप्त कर रहे हैं, ग्लोबल साउथ जैसे मंचों पर जिस तरह काम कर रहे हैं, उससे अब कहा जा सकता है कि इन देशों की योग्यता को कम आकलन करना मुनासिब नहीं होगा, इसका उदाहरण अफ्रीकी संघ का जी20 में शामिल होना, भारत का चंद्रयान-3, सूर्ययान इत्यादि में सफलताएं और जी-20 में दिल्ली घोषणा पत्र के रूप में उपलब्धि इनमें सबसे ताजा उदाहरण हैं जो यहसिद्ध करता है कि आज हर देश को एक दूसरे का साथ लेना समय की जरूरत बन गया है। रणनीतिक साझेदारी,फ्री ट्रेड एग्रीमेंट और कूटनीति आयात निर्यात नीति से विकास की उड़ान में मजबूत पंख लग जाते हैं, जिससे आपसी तालमेल में हर देश का विकास होता है,जिसका परिणाम मजबूत अर्थव्यवस्था बन जाती है और आम नागरिकों का जीवन स्तर खुशहाली में परिवर्तन होने लगता है जिससे वह देश विकसित राष्ट्र बनाकर दुनियां के सामने खड़ा होकरअन्य राष्ट्रों के लिए एक उदाहरण और प्रेरणा बनकर उभरता है। भारत भी इसी प्रकार की नीति पर चल पड़ा है जिससे अनेक देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बात चल रही है, जिसमें सबसे बढ़ी रणनीतिक साझेदारी अमेरिका से बनकर उभरी है, उसपर भी सोने पर सुहागा भारतिया पीएम की ऑफिशियल अमेरिका यात्रा और अमेरिकी राष्ट्रपति की जी20 में भारत यात्रा और अब भारतीय विदेशमंत्री की 22 सितंबर 2023 से 10 दिन की अमेरिका यात्रा जहां 26 सितंबर 2023 को यूएनएससी के 78 वें सत्र को संबोधित किया,और 27 सितंबर 2023 को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिका विदेशमंत्री सहित प्रमुख लोगों से बातचीत की है जिससे भारतअमेरिका रिश्तों की एक बेहतरीन केमिस्ट्री उभर करसामने आ रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बदलते वैश्विक परिपेक्ष में भारत अमेरिका एक दूसरे की जरूरत है, दोनों का साथ एक और एकग्यारह की बात होना तय है।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी दौरे पर भारतीय विदेश मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो,उन्होंने कहा दोनों देशों के बीच अच्छी केमिस्ट्री है।हर तरह से यह रिश्ता अपेक्षाओं से बढ़कर रहा है। इसे परिभाषित करना अब मुश्किल हो गया है। अब भारत अमेरिका के रिश्ते चंद्रयान की तरह नई ऊंचाइयों तक जाएंगे।उन्होंने ये बात वॉशिंगटन के इंडिया हाउस में सेलिब्रेटिंग कलर्स ऑफ फ्रेंजशिप कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कही। नए भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं, वो भारत जिसने चंद्रयान मिशन सक्सेसफुल किया, जी-20 समिट के दौरान 20 देशों को एक टेबल पर लाया और उसे भीसक्सेसफुल बनाया। आज जो भारत आप सब देख रहे हो इसे बनने में 12 साल की मेहनत लगी है।जियो पॉलिटिकल सिचुएशन के वजह से भारत और अमेरिका एक दूसरे को सबसे अच्छे और भरोसेमंद साथी के तरह देखते हैं। विदेश मंत्री ने भारतीय समयानुसार 12 सितंबरको देररातअमेरिका के विदेश मंत्री के साथ मीटिंग के वक्त खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या का मुद्दा उठाया था। रॉयटर्स के मुताबिक, एक अमेरिकी अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की।अधिकारी ने बताया, विदेश मंत्री ने भारत सरकार से मामले की जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। भारतीय विदेश मंत्री का कहना है कि दोनों देशों के रिश्तों को परिभाषित करना मुश्किल है। उन्होंने कहा-लगातार बदलते वैश्विक माहौल में भरोसेंमद पार्टनर मिलना आसान नहीं है। लेकिन अमेरिका और भारत के रिश्ते इनसे परे हैं। साथियों बात अगर हम विदेश मंत्री द्वारा अपने अमेरिकी दौरों के जिक्र करने की करें तो, उन्होंने कलर्स ऑफ इंडिया इवेंट में बताया कि वह किन-किन प्रमुख मौकों पर अमेरिका में मौजूद रहे हैं, लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 1985 की अमेरिका यात्रा याद है, उस वक्त मैं यहीं था।लोगों को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की 2005 की यात्रा भी याद है, जब परमाणु समझौता हुआ था। उस वक्त भी मैं यहीं था। उन्होंने बताया कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा भी याद है, लेकिन मैं इस यात्रा को लेकर कहना चाहता हूं कि ये बेहद अलग थी। अगर आप मुझसे पूछेंगे कि इस यात्रा से क्या बदला है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सर्वांगीण विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं शिक्षक

**अशोक प्रवृद्ध**

**इस सं**सार का दर्शन कराने वाले माता-पिता का स्थान जीवन में कभी कोई नहीं ले सकता। माता- पिता ही प्रथम गुरू होते हैं, जो हमें इस जीवन संघर्ष में उतरने की शिक्षा देते हैं।उनका यह ऋण हम किसी भी रूप में कभी भी उतार नहीं सकते, लेकिन यह सत्य है कि समाज में रहने के योग्य हमें शिक्षक ही बनाते हैं। समाज में जीवन जीने का वास्तविक तरीका आचार्य, शिक्षक ही सिखाते हैं। इसीलिए शिक्षक समाज के शिल्पकार कहे गए हैं, वे न सिर्फ. विद्यार्थी को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि उसके सफल जीवन की नींव भी अपनी हाथों से रखते हैं।शिशु अपने पर्यावरण में, अपने आस- पास जो कुछ होता देखता है, वह उसी रूप में ढल जाता है, और उसकी मानसिकता भी कुछ वैसी ही बन जाती है। सफल जीवन के लिए गुरु के द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षा बहुत उपयोगी है। शिक्षक ही वह धुरी होता है, जो विद्यार्थी को सही-गलत व अच्छे-बुरे की पहचान करवाते हुए बच्चों की अंतर्निहित शक्तियों को विकसित करने की पृष्ठभूमि तैयार करता है। वह प्रेरणा की फुहारों से बालक रूपी मन को सींचकर उनकी नींव को मजबूत करता है तथा उसके सर्वांगीण विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। पुस्तकीय ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यों व संस्कार रूपी शिक्षा के माध्यम से एक गुरु ही शिष्य में अच्छे चरित्र का निर्माण करता है। भारतीय संस्कृति में ज्ञान को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। मनुष्य के द्वारा धर्म के मूल्यों की स्थापना करने के लिए ज्ञान अत्यावश्यकहै। ज्ञान को साधारण मनुष्यों को समझाना अथवा धर्म और अधर्म के बीच में भेद बताने का कार्य आचार्य अर्थात शिक्षक का होता है, जिसे गुरु भी कहा जाता है। भारतीय ग्रंथों के अध्ययन से इस सत्य का सत्यापन होता है किवास्तव में सभी गुरुओं को आचार्य अर्थात शिक्षक की संज्ञा से संज्ञायित किया जा सकता है, लेकिन सभी शिक्षकों को गुरु की संज्ञा नहीं दी जा सकती। इसलिए अंग्रेजी भाषा के टीचर को शिक्षक अथवा अध्यापक की संज्ञा दी जाती है, न कि गुरु की। गुरु संस्कृत भाषा का शब्द हैं जो हिन्दी, अंग्रेजी अथवा विश्व की किसी भी अन्य भाषा में गुरु ही कहा जाएगा।

## खुजलीबाबू की खुजलियाँ

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**एक** दिन बेरोजगार खुजलीबाबू बेगारी करने राजनीतिक रैली में पहुँच गया। हवा राजनीतिक बयानबाजी और लंबी-लंबी हाँक वाले वादों से मचल उठी। भीड़, डोर पर बंधी कठपुतलियों की तरह, पिछली बार की तुलना में इस बार कुछ अधिक फैली हुई तोंद लेकर पहुँचे नेता द्वारा की गई हर घोषणा पर तालियाँ बजाती और खुशियाँ मनाती थी। हालाँकि, खुजलीबाबू कुछ दूरी पर खड़ा होकर हतप्रभ मुस्कान के साथ तमाशा देख रहा था। वह हवा में लहरा रहे अनगिनत बैनरों और झंडों पर ध्यान दिए बिना नहीं रह सका।

"क्या अद्भुत दृश्य है," खुजलीबाबू ने मन ही मन फुसफुसाया। "प्रत्येक झंडा एक अलग पार्टी का प्रतिनिधित्व करता है। एकदम ओलंपिक खेलों की तरह है!" लोगों की भीड़ के बीच, उसने उत्साही पार्टी कार्यकताओं के एक समूह को देखा। उनका उत्साह संक्रामक बीमारी की तरह था, इस विश्वास से प्रेरित था कि वे एक नेक उद्देश्य के लिए लड़ रहे थे। उन्हें देख खुजलीबाबू बातचीत शुरू करने के प्रलोभन को रोक नहीं सका। "माफ करें सर," उसने पार्टी कार्यकताओं में से एक के सामने सिर झुकाते हुए कहा, "मैं आपके झंडे को देखे बिना नहीं रह सका। यह किसका प्रतीक है?" उसकी मासूमियत से आश्चर्यचकित कार्यकर्ता ने उत्तर दिया, "तुम बहुत भोले। तुम यह भी नहीं जानते कि यह झंडा हमारी पार्टी के आदर्शों और सिद्धांतों का प्रतिनिधित्व करता है। यह हमारी एकता और प्रगति का प्रतीक है।" खुजलीबाबू ने उत्सुक होकर एक पल के लिए सोचा। "ओह, मैं समझ गया। लेकिन सवाल यह है कि एक झंडा आपको एकता हासिल करने में कैसे मदद करता है?" कार्यकर्ता खुजलीबाबू के सवाल से घबरा गया, जवाब देने से पहले झिझका, "यह एक प्रतीक है जो हम सभी को एकजुट करता है।

यह हमें हमारे साझा लक्ष्यों और आकांक्षाओं की याद दिलाता है।" "वाह क्या बात है!" खुजलीबाबू ने चिल्लाकर कहा। "तो, यह आपकी 'टू-डू' सूची का एक दृश्य अनुस्मारक ले जाने जैसा है!" पार्टी कार्यकर्ता स्तब्ध रह गया और शब्दों को खोजने में संघर्ष कर रहा था क्योंकि खुजलीबाबू की व्याख्या उसकी समझ से बहुत परे थी।

# गौवंश की जो दुर्गति इस सरकार में हुई वो पहले कभी नहीं हुई: दीपेन्द्र



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**सांसद दीपेंद्र** हुड्डा बीते दिन देर शाम धर्मार्थ गौशाला सिसाना के 121वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि गौवंश की जो दुर्गति इस सरकार में हुई वो पहले कभी नहीं हुई। गौवंश के प्रति सरकार में बैठे लोगों का बस इतना ही योगदान है कि वो गौमाता की जय बोल दे रहे हैं। लेकिन, केवल गौमाता की जय बोलने से गौवंश की रक्षा नहीं हो सकती। वो तो सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं हैं जिनके अथक प्रयासों के कारण गौवंश की रक्षा हो पा रही है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि गाय हमारी सनातन संस्कृति की प्रतीक है और उसकी सेवा करना हमारा दृढ़ संकल्प है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा की बीजेपी-जेजेपी सरकार गौवंश के लिए नाम मात्र का अनुदान देती है जो प्रति गौवंश के हिसाब से ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। आज आसमान छूती महंगाई के जमाने में इतनी कम राशि से गौवंश का पेट नहीं भरा जा सकता। उन्होंने बताया कि हरियाणा से लगते पड़ोसी राज्यों राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की सरकारें गौवंश के लिए गौशालाओं को प्रतिदिन प्रति गाय के हिसाब से अनुदान राशि देती है। सरकार को बढ़ती महंगाई देखते हुए अनुदान राशि में समुचित बढ़ोत्तरी करनी चाहिए। उन्होंने मांग करी कि हरियाणा की बीजेपी-जेजेपी सरकार ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में छुट्टा पशुओं के चारे व रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करे और पर्याप्त बजट दे। प्रदेशभर में बेसहारा पशुओं की समस्या भी बढ़ती जा रही है। बेसहारा पशुओं की समस्या से आमजन के साथ-साथ किसानों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में सरकार को इस समस्या के स्थायी समाधान के लिये ठोस कदम उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री खुद मान रहे हैं कि सड़कों पर बहुत सारा गोवंश घूमता है। इसके अलावा, सरकार ने विधानसभा में खुद माना था कि 5 वर्षों में 900 से अधिक लोग बेसहारा पशुओं के कारण सड़क हादसे में अपनी जान गंवा चुके है और 3000 से ज्यादा लोग इन दुर्घटनाओं में घायल हो चुके हैं। हैरानी

**निशाना बनाया**

> 8 दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि गाय हमारी सनातन संस्कृति की प्रतीक है और उसकी सेवा करना हमारा दृढ़ संकल्प है

की बात ये है कि हरियाणा को कागजों पर 2019 से ही बेसहारा पशु मुक्त राज्य घोषित किया जा चुका है। प्रदेश भर में सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशु आए दिन सड़क दुर्घटना में घायल तो होते ही हैं साथ ही, सड़कों पर इनकी मौजूदगी से यातायात के लिए गंभीर समस्या भी खड़ी हो जाती है। ऐसे में सरकार को खोखले दावे करने की बजाय समयबद्ध ढंग से इस समस्या का समाधान करना चाहिए। से विधायक जयवीर बाल्मिकी, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना, पूर्व विधायक पदम दहिया, अर्जुन दहिया, सुरेंद्र शर्मा, जोगेंद्र दहिया, राजकुमार कटारिया, गौशाला के प्रधान रणदीप कुलदीप प्रधान, सुरेश प्रधान, जग्गी प्रधान, चांद पहलवान, पूर्व पार्षद सुनील, शमशेर सिलाना, संजय खेवड़ा, कृष्ण मलिक, रवि मेहरा, दयानद बाल्मिकी, रवि इंदौरा, राजमल चहल, अमन दहिया, कुसुमलता, अंजू बाला खटक, मीना धनकड़, संजय बड़वासनी, रमेश चेयरमैन, विकी सिसाना, बबलू प्रधान, अशोक सैदपुर, कुलदीप देशवाल, वीरेंद्र बिधलान, भानु प्रधान, बिजेंद्र गोखी, विजय दहिया, उमेश हलालपुर, इंद्रजीत रिढ़ाऊ, कृष्ण प्रधान, ढीलू प्रधान, अंकित दहिया, राजकुमार राणा, रमेश प्रधान, राम सिंह प्रधान, गौशाला सिसाना की समस्त कार्यकारिणी, खरखौदा हल्के के आस-पास के गांवों के मौजूदा प्रधान, पूर्व प्रधानों सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रोटरी केयर्स फॉर यू के तहत राजवंशी स्कूल में वितरित की किट



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। रोटरी** क्लब नारनौल सिटी व रोटरी क्लब बेलाज द्वारा स्वच्छता एवं हाइजीन केयर मुहीम चलाई जा रही है। जिसके तहत क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में बालिकाओं को स्वच्छता एवं हाइजीन किट वितरित कर उन्हें साफ सफाई के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को राजवंशी स्कूल, दोचाना में रोटरी केयर्स फॉर यू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब गुड़गांव मेट्रोपोलिटन एवं रोटरी क्लब गुड़गांव के सहयोग से चलाई जा रही स्वच्छता जागरूकता मुहिम के तहत नौवीं से बारहवीं कक्षा तक की छात्राओं को स्वच्छता किट प्रदान की गई। कार्यक्रम का सुंदर संचालन करते हुए रोटरियन पवन गुप्ता ने एक एक कर सभी प्रमुख जनों को स्टेज पर आमंत्रित करते हुए प्रोग्राम को सुंदर स्वरूप प्रदान किया। छात्राओं को स्वच्छता किट देते हुए बेलाज क्लब की प्रधान सारिका गर्ग ने छात्राओं को पर्सनल केयर के लिए हाईजीन प्रोडक्ट विंटर लोशन, विंटर क्रीम एवं सैनेटरी पैड का इस्तेमाल करते हुए स्वच्छता के बारे विस्तार से जानकारी दी। नारनौल सिटी क्लब प्रधान नरेश गोगिया ने रोटरी अभियान की अहमियत एवं रोटरी नारनौल द्वारा संचालित अन्य प्रोजेक्ट्स के बारे में भी छात्राओ को जानकारी दी। प्रोजेक्ट इंचार्ज एडवोकेट दिनेश सांखला व रेणु कंवर की देखरेख में छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा समीक्षा ने गुरुजनों का विद्यार्थी जीवन में महत्व बताते हुए बड़ा ही सुंदर वर्णन किया। विद्यालय के उपप्राचार्य बिशन यादव ने सभी रोटरी क्लब सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर रोटरी क्लब की ओर से विद्यालय चेयरपर्सन रेणु कंवर एवं प्राचार्य दिनेश सांखला व अन्य गणमान्य जनों को सम्मानित किया गया। रोटरी की ओर से डिस्ट्रिक्ट चेयर एडमिन एडवोकेट राजकुमार यादव ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आज सभागार में

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल । बेटी** बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर 4 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सभागार भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से करवाए जा रहे इस कार्यक्रम में उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगी।
इस कार्यक्रम में जिला के उन गांव के जनप्रतिनिधियों को बुलाया गया है जिन गांवों का लिंगानुपात खराब है। इन गांवों के सरपंच, पंच, नंबरदार, चौकीदार, आशा वर्कर, एएनएम, आंगनबाड़ी वर्कर, हेल्पर तथा सुपरवाइजर शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से बेटी बचाने का संदेश दिया जाएगा। इस मौके पर एक नुक्कड़ नाटक भी आयोजित करवाया जाएगा। इसके अलावा महिला उत्थान तथा बच्चियों से संबंधित सरकार की जनकल्याणकारी विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। वहीं एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई जाएगी। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। जिला रेडक्रॉस की तरफ से इस मौके पर एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया जाएगा जो शहर के विभिन्न हिस्सों में जाकर नागरिकों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देगी। यह रैली सभागार भवन से लेकर बाल भवन तक पहुंचेगी। इसमें विभिन्न सामाजिक संगठन तथा रेडक्रॉस के वालंटियर शामिल होंगे। इसमें यह सभी हाथों में तख्तियां लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए चलेंगे। इस कार्यक्रम के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### राजकीय महाविद्यालय में साइबर क्राइम जागरुकता शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। साइबर** थाना से एसआई दीपक व एएसआई इंद्रजीत के द्वारा गवर्नमेंट पीजी कॉलेज छिलरो निजामपुर में एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया।



इस दौरान छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने छात्रों को बताया कि साइबर अपराधियों की ओर से लॉटरी, एनीडेस्क ऐप, टीम व्यूवर, एसएमएस फॉरवर्डिंग ऐप, लोन ऐप, फेक कस्टमर केयर नंबर आदि के माध्यम से लोगों को निशाना बनाया जा रहा हैं। इसके अलावा ऑनलाइन जॉब क्रेडिट व डेबिट कार्ड की डिटेल प्राप्त कर भी साइबर ठग खातों से रुपये उड़ा रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की है कि लोग झूठे प्रलोभन से बचें। इसके बावजूद साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें।
**गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड करते समय सत्यता जान लें: साइबर** क्राइम जागरूकता अभियान के तहत छात्रझ्रछात्राओं को सोशल साइट के माध्यम से होने वाले साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी। साइबर क्राइम करने वाले जालसाज युवाओं, भोली-भाली जनता को अपना लॉटरी का प्रलोभन देकर निशाना बना रहे हैं। आपको अपने खाते की जानकारी, संबंधी आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम किसी अनजान व्यक्ति के साथ शेयर न करें। अपने मोबाइल फोन पर अनजान व्यक्ति से फ्रेंड रिक्वेस्ट न भेजें।

### नारनौल के नवी सिंह ने जीता मिस्टर इंडिया का खिताब अब जाएंगे थाईलैंड

**टीम एक्शन इंडिया /संतोष कुमारी**
**नारनौल। मोहल्ला** मिश्रवाडा दशमेश नगर निवासी नवनीत सिंह उर्फ नवी सिंह ने नई दिल्ली में बॉडी बिल्डिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता का खिताब जीतकर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन किया है। अब नवी सिंह आगामी 27 अक्टूबर से थाईलैंड में आयोजित होने वाली मिस्टर यूनिवर्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। नवी सिंह की इस उपलब्धि पर अनेक लोगों ने उनको बधाई दी है। नवी सिंह नारनौल की ही जिम में प्रैक्टिस करते हैं।
मोहल्ला मिश्रवाडा के रहने वाले 26 वर्षीय नवनीत सिंह नई सराय स्थित हेल्थ मंत्रा जिम में 2 घंटे सुबह तथा 2 घंटे शाम को प्रैक्टिस करते हैं। 2 अक्टूबर को नई दिल्ली के मयूर विहार में बॉडीबिल्डिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

# मांगों को लेकर किसानों ने पुतला फूंका, डीसी को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** शहर की नई अनाज मंडी में शहीद भगत सिंह किसान यूनियन ने सचिव कार्यालय के बाहर इकटठे होकर अपनी मांगो को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और लखीमपुरी मामले में दो साल बाद भी इंसाफ न मिलने पर रोष जताया और आशीष मिश्रा टेनी का पूता फूंका और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद किसानों मंडी से होते हुए मानव चौंक के रास्ते से होते हुए डीसी ऑफिस पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया और डीसी को सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। किसान नेता गुरमीत सिंह माजरी ने बताया कि किसान लंबे समय से मांगे कर रहे है लेकिन सरकार ने अभी तक उनकी मांगो को नहीं माना है। जिसके चलते उन्हे आए दिन अपनी आवाज उठानी पड़ती है और धरने प्रदर्शन करने पड़ते है।
किसान नेताओं का कहना है कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल के जरिये हरियाणा में यूपी से धान की फसल की बिक्री हो रही है। जिसके कारण हरियाणा के किसानों को परेशानी होती है। किसानों का कहना है जिन लोगो ने बाहर से आकर झज्जर व अन्य जिलों से अपना पंजिकरण करवाया है। उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

## गीता विद्यालय के कैडेट्स ने किया चंडीगढ़ एयर फोर्स म्यूजियम का शैक्षिक भ्रमण



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)विद्या भारती** हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में रेलवे रोड स्थित श्रीमद्भागवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के एयर विंग के कैडेट्स को दिनाँक 01-10 2023 को चंडीगढ़ एयर फोर्स म्यूजियम शैक्षणिक भ्रमण के लिए अठड विकास कुमार के निर्देशन में ले जाया गया। कैडेट्स ने एयर फोर्स के इतिहास एवं उसके महत्व के विषय में जाना। किस प्रकार 1948 में भारत पाकिस्तान युद्ध एवं 1999 के करगिल युद्ध में वायुसेना ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं पाकिस्तान को हराया एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म के माध्यम से कैडेट्स ने जाना और विभिन्न प्रकार के विमानों को देखा एवं कॉकपिट में बैठ कर रोमांच का अनुभव किया।

# हरियाणवी ब्वॉयज टीम ने ऑस्ट्रेलिया में टी-10 क्रिकेट टूर्नामेंट में बजाया डंका

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**ऑस्ट्रेलिया के** पर्थ शहर के बलगा क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित टी-10 क्रिकेट टूर्नामेट में हरियाणवी ब्वायज की टीम ने ट्रॉफी जीती। इस चैंपियनशिप में 12 टीमों ने भाग लिया था। इस चैंपियनशिप का फाइनल मैच हरियाणवी ब्वायज की टीम व हसलर्स के बीच खेला गया जिसमें हुए रोमांचक मुकाबले में सुपर ओवर में हरियाणवी ब्वायज की टीम ने जीत दर्ज करते हुए ट्रॉफी पर कब्जा किया।



ऑस्ट्रेलिया से मैच के सहयोगी कुरुक्षेत्र के कर्ण शर्मा, आयोजक नरेन्द्र कल्याण एवं टीम के कैप्टन बिट्टू ने बताया कि प्रत्येक वर्ष हरियाणा दिवस के अवसर पर इस चैंपियनशिप का आयोजन किया जाता है। इस चैम्पियनशिप में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के रुप में पैंथर टीम के याया अली और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के रूप में विरसा टीम के रमन को चुना गया एवं हरियाणवी ब्वायज टीम के विवेक मेहला को मैन ऑफ दा सीरीज चुना गया।

## लूट की वारदात में चार आरोपियों को काबू किया

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) एसपी** जशनदीप सिंह रधावा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि बराड़ा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत 16 सितंबर के रात एक डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया। जिसमें बराड़ा के रहने वाले कमलजीत ने शिकायत दी थी कि उसके घर में कुछ बदमाश आए और उसके घर से 6 लाख रुपए व सोने के आभूषण ले गए। पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्यवाही शुरू की।
सीआईए.2 की टीम ने मामले में चार आरोपियों को गिरफतार किया। पुलिस ने गत दिवस पंजाब के दीपक व परमिन्द्र को गिरफ्तार किया।

# आशा वर्करों ने डीसी कार्यालय में जमकर की नारेबाजी, दिया धरना



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**मांगो को** लेकर आशा वर्करों ने डीसी कार्यालय में धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। गौरतलब है कि आशा वर्कर पिछले कई दिनों से अपनी मांगो को लेकर जगह जगह विभिन्न विभागों के अधिकारियों व मंत्रियों को ज्ञापन सौंप चुकी है। लेकिन अभी तक उनकी मांगो पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है। जिसके चलते आशा वर्कर जगह जगह धरना देने को मजबूर है। इसी के चलते आज आशा वर्करों ने डीसी कार्यालय में डेरा डाला और परिसर में बैठ गई। जहां एक तरफ आशा वर्कर बैठीं थी तो वहीं दूसरी ओर किसान नेताओं ने अपना डेरा डाला हुआ था।
जिसके इसके बाद किसानों को आश्वासन देते हुए डीसीएम वाला डॉक्टर शालिनी ने बताया कि मेरी फसल मेरा बुरा पोर्टल पर जो भी अनियमिताएं पाई गई है उसमें कारवाई की जाएगी इसके साथ ही चंडीगढ़ पूछ के दौरान अपनी टांग गंवाने वाले किसान को सरकारी नौकरी भी जल्द ही दी जाएगी इसके साथ ही पोर्टल में गड़बड़ी कर दूसरे राज्यों से जो धान बेच रहे हैं उनके खिलाफ भी जल्द कार्रवाई होगी और मामला दर्ज किया जाएगा वही आशा वर्कों को भी डीसी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही उन्हें धरना प्रदर्शन के लिए जगह दी जाएगी इसके बाद आशा वर्कर भी इसी कार्यालय से चली गई।
आशाओं का कहना है कि वे जच्चा बच्चा दोनों का ध्यान रखती है और टीकाकरण भी करवाती है। लेकिन सरकार उन्हे बहुत कम वेतन दे रही है।

# समाज सेवी ने विद्यार्थियों को पुस्तक सामग्री व पढ़ाई के लिए की प्रोत्साहन राशि प्रदान



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल**
शहीद मान सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी (कांटी) में तीन जरूरतमंद विद्यार्थियों को सहायता के रूप में प्रोत्साहन राशि प्रदान की। नारनौल के एक समाजसेवी ने अपनी नेक कमाई से 11-11 सो रुपए देकर बच्चों की सहायता की। जिसमें पूजा पुत्री दयाराम गांव रामपुरा, आयुष पुत्र मुकेश कुमार, गांव खेड़ी करण सिंह पुत्र राम सिंह गांव खेड़ी के तीनों बच्चों को स्कूल की प्राचार्य कुसुम यादव के हाथों से यह प्रोत्साहन राशि भेंट की। प्राचार्य कुसुम यादव ने विद्यार्थियों को पढ़ाई में पूरा ध्यान रखकर पढने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थी मन लगा कर अपनी पढ़ाई करे, किसी भी प्रकार के संसाधनों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। प्राचार्य ने यह राशि डीपीई सुभाष सोनी के माध्यम से पहुंचने पर विद्यार्थियों को प्रदान करने पर उनका विशेष रूप से आभार प्रकट किया। इसी प्रकार की सहायता को करते रहने के लिए प्राचार्य ने सभी स्टाफ सदस्यों को कहा कि आप भी इस प्रकार के सहयोग बच्चों के हित में करते रहे। सहायता करने वाले समाज सेवी का भी बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

**पुरस्कार**

> 8 तीनों बच्चों को स्कूल की प्राचार्य कुसुम यादव के हाथों से यह प्रोत्साहन राशि भेंट की

# 'जागरुक से ही बचा जा सकता है साईबर अपराधियों से'

## जागरुक से ही बचा जा सकता है साईबर अपराधियों से: रोशन लाल



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**बच्चों को** संबोधित करते हुए उप निरीक्षक रोशन लाल ने कहा कि साईबर अपराधी अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन जागरुकता से ही साईबर अपराधियों के चंगुल में आने से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि अपने बैंक खाते से सम्बंधित जानकारी किसी को न दें, एटीएम पिन को हमेशा बदलते रहें एवं ऐसा पिन ना रखे जो आसानी से अनुमान लगाया जा सके । किसी भी तरह के ऑफर और लालच में नहीं आएं। किसी भी लिंक को ओपन न करें। बैंक कर्मचारी कभी भी फोन करके बैंक डिटेल्स नहीं मांगते हैं। अगर आपके पास किसी तरह की कॉल आती है और सामने वाला व्यक्ति अपने आप को बैंक कर्मचारी बताकर आपसे आपकी निजी जानकारी, ओटीपी या केवाईसी करने के बारे में बोलकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो उस व्यक्ति को कोई भी जानकारी देने से बचें। इसके बावजूद साइबर क्राइम के शिकार होते हैं तो तुरंत भारत सरकार द्वारा जारी साईबर क्राइम हैल्प लाईन नंबर 1930 पर काल करें। साथ ही बताया की साईबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नजदीकी थाना/चौंकी में शिका?त दर्ज करवा सकते हैं। 1930 पर तुरन्त शिकायत करनें पर आपका पैसा सुरक्षित वापिस आ सकता है। गुरुकुल कुरुक्षेत्र प्रिंसिपल सूबे प्रताप सिंह, गुरुकुल समन्वक गुरमीत सिंह,अध्यापक प्रेम पाल, सुशील कुमार, सुरेन्द्र सिंह, कपिल, दलबीर सिंह सहित काफी संख्या में विधार्थी मौजूद रहे।

## व्यापारी से फिरौती मांगने के आरोपी डिमांड पर



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** शहर में एक व्यापारी से लाखों रुपए की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने शहजादपुर के पतरेहड़ी निवासी जोनी और उसके साथी सविंद्र कुमार को गिरफतार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश करने पर पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस का कहना था कि रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जाएगी तथा इस मामले में अन्य आरोपियों को भी गिरफतार किया जाएगा।
गौरतलब है कि पीड़ित नितिन जिंदल ने पुलिस को शिकायत देते हुए कहा था कि उसकी ठाकुरद्वारा से मार्केट में जिंदल इलेक्ट्रिक के नाम से दुकान है। 29 सितंबर को व्हाट्सएप पर मैसेज आया कि अब तो बढ़े पैसे कमा लिए लूट-लूट के 5 लाख की रंगदारी चाहिए और तन्ने देनी पड़ेगी। आरोपी ने खुद को नीरज बवाना गैंग का बताया था। इस मामले में जो मास्टमाइंड रहा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दूसरा आरोपी सविंद्र कुमार व जोनी दोनों दोस्त है।

# 'चीन के एजेंडे को बढ़ावा नहीं देने देंगे...'

## विपक्षी दलों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया, दिल्ली पुलिस की छापेमारी पर सत्ता और विपक्षी दलों में रार

**सख्ती**

**8 पुलिस ने कई पत्रकारों से पूछताछ की गई है और उनके मोबाइल, लैपटॉप जैसे उपकरण को जब्त कर लिया**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस के स्पेशल सेल ने चीनी फंडिंग के आरोपों में समाचार वेबसाइट न्यूजक्लिक के कई ठिकानों पर मंगलवार सुबह छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने कई पत्रकारों से पूछताछ की गई है और उनके मोबाइल, लैपटॉप जैसे कई इलेक्ट्रोनिक उपकरण को जब्त कर लिया है। विपक्षी दलों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है, जहां भाजपा इस एजेंसी की अपनी कार्रवाई बता रही है तो विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता छापेमारी की आलोचना कर केंद्र को दोषी ठहरा रहे हैं

**सरकार को चुकानी होगी इसकी कीमतः** राजद नेता और राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने आरोप लगाया कि न्यूजक्लिक के खिलाफ ये छापेमारी केंद्र के निर्देश पर की जा रही है। उन्होंने समाचार एजेंसी से बात करते हुए कहा कि यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात है... आप उन्हें दिल्ली पुलिस क्यों कह रहे हैं... वह गृह मंत्री अमित शाह के अधीन हैं और उनकी सहमति के बिना कुछ भी नहीं होता है... जो लोग उनकी (भाजपा) 'भजन मंडली' में शामिल होने से इनकार करते हैं। उनके खिलाफ वह ऐसी कार्रवाई करते हैं... वे इन सब से क्या दिखाने की कोशिश कर रहे हैं... यह घटना इतिहास में लिखी जाएगी और सरकार के इस कदम की उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पुलिस कार्रवाई को केंद्र की 'ध्यान भटकाने' की रणनीति बताते हुए कहा कि कल जब से बिहार के जाति जनगणना के चौंका देने वाले आंकड़े सामने आये हैं, पूरे देश में जाति जनगणना की मांग जोर पकड़ रही है। मोदी साहब की नींद उड़ी हुई है। जब पाठ्यक्रम के बाहर का कोई सवाल खड़ा हो जाता है तो मोदी जी के पाठ्यक्रम का एक देखा भाला अस्त्र बाहर ले आया जाता है- मुद्दे से लोगों का ध्यान बंटाने का अस्त्र। सुबह से न्यूजक्लिक के योगदानकर्ता पत्रकारों के खिलाफ हो रही कार्यवाही इसी पाठ्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, न्यूजक्लिक में योगदान देने वाले पत्रकारों पर सुबह-सुबह छापेमारी बिहार में जाति जनगणना के विस्फोटक निष्कर्षों और देश भर में जाति जनगणना की बढ़ती मांग से ध्यान भटकाने के रूप में सामने आई है। जब उनके सिलेबस से बाहर के प्रश्नों का सामना करना पड़ता है तो वह अपने अनुमानित पाठ्यक्रम में मौजूद एकमात्र काउंटर का सहारा लेते हैं।

**छापे हारती हुई भाजपा की निशानी अखिलेश यादवः** सपा के मुखिया अखिलेश यादव ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर केंद्र पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, छापे हारती हुई भाजपा की निशानी हैं। ये कोई नई बात नहीं है ईमानदार खबरनवीसों पर भाजपाई हुक्मरानों ने हमेशा डाले हैं छापे, लेकिन सरकारी प्रचार-प्रसार के नाम पर कितने करोड़ हर महीने मित्र चैनलों को दिये जा रहे हैं ये भी तो कोई छापे! सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने न्यूजक्लिक के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि अगर किसी ने कुछ किया है तो जांच एजेंसियां जांच करने के लिए स्वतंत्र हैं।

### चीन का एजेंडा चलाने की नहीं होगी अनुमति

**भाजपा** नेता आरपी सिंह ने कहा कि अगर कोई एजेंसी अपने पैसे का इस्तेमाल कर चीन का एजेंडा चलाती है तो इसकी अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उनके खिलाफ पहले से ही जांच चल रही थी। वे चीन के पैसे का इस्तेमाल चीन को बढ़ावा देने और भारत को बदनाम करने के लिए कर रहे हैं। उन सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले दिल्ली पुलिस न्यूजक्लिक के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और लेखक परंजॉय गुहा ठाकुरता और उर्मिलेश को राष्ट्रीय राजधानी में विशेष सेल कार्यालयों में ले आई थी। लैपटॉप, मोबाइल, डायरी और अन्य जब्त सामान भी पुलिस स्पेशल सेल ले आई। बता दें कि पुलिस की यह छापेमारी 17 अगस्त को यूएपीए और आईपीसी की अन्य धाराओं के तहत दर्ज मामले पर की जा रही है, जिसमें यूएपीए और आईपीसी की 153ए (दो समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और आईपीसी की 120 बी (आपराधिक साजिश) शामिल है। इससे पहले 10 अगस्त को न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में आरोप लगाया गया था कि न्यूजक्लिक एक वैश्विक नेटवर्क का हिस्सा है जिसे अमेरिकी अरबपति नेविल रॉय सिंघम से फंडिंग मिलती है।

# अपने हिसाब से कांग्रेस को खड़ा कर रहे राहुल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्व कांग्रेस** अध्यक्ष राहुल गांधी एक ओर अलग-अलग तबके के बीच जाकर पार्टी का जनाधार मजबूत करने में जुटे हैं, तो संगठन में विश्वस्त नेताओं को महत्वपूर्ण पद देकर अपनी टीम भी सुदृढ़ करना चाह रहे हैं। कोषाध्यक्ष के रूप में अजय माकन की नियुक्ति इसी का हिस्सा है। माकन वही नेता हैं, जिन्होंने वर्ष भर पूर्व आलाकमान की मंशा अनुसार ही राजस्थान में नेतृत्व परिवर्तन करने का प्रयास किया था।

**ये नेता माने जाते हैं राहुल के करीबीः** जानकारों के मुताबिक केसी वेणुगोपाल, अजय माकन, रणदीप सुरजेवाला, सचिन पायलट, मानिक टैगोर जैसे नेता राहुल गांधी के करीबियों में माने जाते हैं। इनमें से केसी तो संगठन महासचिव का अहम जिम्मा संभाल ही रहे हैं, रणदीप को कर्नाटक की जीत के बाद मध्य प्रदेश की कमान भी सौंप दी गई है। इसी कड़ी में अब माकन को पार्टी कोषाध्यक्ष बनाया जाना भी बड़ा फैसला माना जा रहा है।

**कांग्रेस में कोषाध्यक्ष माना जाता है नंबर 2:** वरिष्ठ कांग्रेसियों के मुताबिक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) में अध्यक्ष के बाद कोषाध्यक्ष को ही नंबर दो पर माना जाता है।

यानी मल्लिकार्जुन खरगे के बाद अब माकन हो सकते हैं। पूर्व में पार्टी कोषाध्यक्ष रहे सीताराम केसरी भी बाद में पार्टी अध्यक्ष बना दिए गए थे और लंबे समय तक बने रहे थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोषाध्यक्ष का पद पार्टी में उसी नेता को मिलता रहा है, जो गांधी परिवार का खास हो। अतीत में इस पद पर दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के ससुर उमाशंकर दीक्षित, अहमद पटेल, मोती लाल वोरा, पवन कुमार बंसल जैसे नेता रह चुके हैं।

# गोविंदपुरी मर्डर मामले में दो और आरोपित गिरफ्तार, चाकू से गोद की थी युवक की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गोविंदपुरी** इलाके में 25 वर्षीय आकाश की हत्या में शामिल दो अन्य बदमाशों को दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस ने उत्तराखंड के देहरादून से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान गोविंदपुरी के रोहित और सौरभ के रूप में हुई है। मुख्य आरोपित अनुराग उर्फ निक्की को गोविंदपुरी इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया था। दक्षिण पूर्वी जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि गोविंदपुरी इलाके मे रविवार शाम आकाश नाम के युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी।

**चाकू से वार कर दी युवक की**



**हत्याः** सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आकाश को एम्स ट्रामा में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। तब हत्या का मामला दर्ज कर मुख्य आरोपित अनुराग पालीवाल उर्फ निक्की को गोविंदपुरी में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया था लेकिन उसके साथ हत्या में शामिल उसके दो अन्य साथी रोहित और सौरभ फरार हो गए थे। मंगलवार को दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस टीम ने तकनीकी सर्विलांस के मदद से दोनों को देहरादून से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि मुख्य आरोपित अनुराग की कुछ दिन पहले कुछ लड़कों ने पिटाई की थी। अनुराग की पिटाई करने वाले लड़कों के साथ आकाश भी रहते थे। रविवार को जब गोविंदपुरी में आकाश अपने दोस्तों से मिलने आए थे तब आरोपितों को पकड़कर उनके दोस्तों के बारे में पूछा। आकाश ने जब बताने से मना किया तो अनुराग ने दोनों के साथ मिलकर आकाश पर चाकू से हमला कर दिया।

# मेयर ने विदेश जाने की अनुमति के लिए किया हाई कोर्ट का रुख

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की मेयर शैली ओबरॉय ने विदेश यात्रा की अनुमति दिए जाने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शैली ओबेरॉय की ओर से पेश वकील ने चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष इस याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की। उसके बाद कोर्ट ने 4 अक्टूबर को सुनवाई करने का आदेश दिया। शैली ओबरॉय ने ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन 2023 एशिया पैसिफिक सिटीज समिट में हिस्सा लेने के लिए राजनीतिक मंजूरी नहीं मिलने पर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ये समिट 11 से 13 अक्टूबर को आयोजित किया गया है। शैली ने ब्रिस्बेन जाने की इजाजत देने का दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। इससे पहले सितंबर में दिल्ली सरकार के मंत्री गोपाल राय ने भी 15 सितंबर से 19 सितंबर तक न्यूयॉर्क में कोलंबिया इंडिया एनर्जी डॉयलॉग में जाने के लिए हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। गोपाल राय की याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने उन्हें विदेश जाने की अनुमति दी थी।

**कोर्ट के दर पर**

**8 मेयर शैली ओबरॉय ने विदेश यात्रा की अनुमति दिए जाने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा**




**दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने दिल्ली सरकार व उपराज्यपाल से मांग की है कि 19 नवम्बर छठ पूजा के मौके पर दिल्ली में ड्राई डे घोषित किया जाए। श्री लवली ने इस बात पर अचरज व्यक्त किया कि दिसम्बर तक 6 ड्राई डे घोषित किए गए है और छठ पर ड्राई घोषित न करके आबकारी विभाग ने पूर्वांचल वासियों की आस्था पर सीधी चोट पहुँचाई है।**

# अमिताभ बच्चन के एक विज्ञापन पर बवाल, अभिनेता की बढ़ेंगी मुश्किलें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सदी के महा**नायक अमिताभ बच्चन की मुश्किलें बढ़ने वाली है। कंफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) उनके विरूद्ध केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी कर रही है। यह मामला एक बहुराष्ट्रीय ई-कामर्स कंपनी के विज्ञापन में देश के खुदरा व्यापारियों के विषय में भ्रामक बातें कहने को लेकर है, जिसमें वह कह रहे हैं कि उक्त ई-कामर्स कंपनी की वेबसाइट से जिस दर पर स्मार्ट फोन मिल रहे हैं, वह दर खुदरा दुकानों पर उपलब्ध नहीं है। विज्ञापन में उनकी इन बातों से कई कारोबारी संगठन आक्रोशित है तथा उनपर ग्राहकों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए उक्त ई-कामर्स कंपनी से विज्ञापन हटाने तथा अमिताभ बच्चन से माफी मांगने की मांग कर रहे हैं। ऑल इंडिया मोबाइल फोन रिटेलर्स एसोसिएशन (एआइएमआरए) ने भी हाल ही में इस संबंध में बालीवुड अभिनेता को पत्र भी लिखा है।

**अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं छोटे व्यापारीः** इसी तरह दिल्ली व्यापार महासंघ के अध्यक्ष देवराज बवेजा ने अमिताभ को लिखे पत्र में कहा है कि छोटे व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की



रीढ़ है। इससे करोड़ों लोगों का रोजगार जुड़ा हुआ है। जबकि अमिताभ बच्चन करोड़ों लोगों के रोल माडल हैं। उन्हें इस तरह एक पक्षीय विज्ञापन नहीं करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर अमिताभ बच्चन इस विज्ञापन पर खेद जताते हुए उससे नहीं हटते हैं तो दिल्ली के व्यापारी उनके विरूद्ध सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

**अनर्गल बातें कह कर उड़ाया मजाकः** वहीं, कैट ने कहा कि स्टार अमिताभ बच्चन और विदेशी ई-कामर्स कंपनी के विज्ञापन में अमिताभ बच्चन ने व्यापारियों के विषय में बेहद अनर्गल बात कह कर उनकी क्षमताओं का मजाक उड़ाया है, जिसे किसी भी हालत में सही नहीं ठहराया जा सकता है। यह व्यापारियों के व्यापार करने की शक्ति पर बिना किसी प्रमाण के एक बड़ा सवाल खड़ा करने का कुत्सित प्रयास है जो बच्चन जैसे व्यक्ति को कतई शोभा नहीं देता। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने इस बात पर बेहद खेद व्यक्त किया कि फ्लिपकार्ट के भ्रामक विज्ञापन का समर्थन करने के लिए बच्चन ने एक मोटी रकम वसूल की होगी। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में हमारे पड़ोस की छोटी दुकानों की बुनियादी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने वाला है।

### मंत्रालय द्वारा निर्धारित नीति का है उल्लंघनः प्रवीन खंडेलवाल

**खंडेलवाल** ने कहा कि हाल ही में उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक नीति लागू की है, जिसमें बताया गया है कि भ्रामक और गुमराह करने वाले विज्ञापन क्या हैं। विचाराधीन विज्ञापन सीसीपीए के दायरे में आता है, क्योंकि विज्ञापन ने मंत्रालय द्वारा निर्धारित नीति का घोर उल्लंघन किया है। इसलिए, कई शिकायत दर्ज करने के लिए सीसीपीए का रुख कर रहा है।

# आरएमएल अस्पताल में बेड क्षमता दोगुना करने का मास्टर प्लान तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय के आरएमएल अस्पताल को भी अत्याधुनिक बनाने का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। अस्पताल प्रशासन ने यह मास्टर प्लान का प्रारूप तैयार कर हाल ही में इसे स्वीकृति के लिए मंत्रालय में भेजा है। यदि सब कुछ ठीक रहा और योजना परवान चढ़ी तो आरएमएल अस्पताल की बेड क्षमता भी दोगुनी हो जाएगी

**दिल्ली के बड़े अस्पतालों में होती है आरएमएल की गिनतीः** आरएमएल अस्पताल की गिनती राष्ट्रीय राजधानी के बड़े अस्पतालों में होती है। मौजूदा समय में इस अस्पताल की बेड क्षमता करीब 1530 है। एम्स और सफदरजंग अस्पताल के बाद यह राजधानी का तीसरा अस्पताल है जहां कैंसर की रेडियोथेरेपी को छोड़कर हर बीमारी के इलाज की सुविधा है। इस अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन करीब आठ हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसलिए इसके विस्तार की जरूरत महसूस की जा रही है। पहले चरण के विस्तार के लिए मौजूदा समय में 550 बेड का एक सुपर स्पेशियलिटी ब्लाक निमार्णाधीन है, जो अगले वर्ष अप्रैल में तैयार हो जाएगा।

**बेड क्षमता तीन हजार करने का है प्रस्तावः** दूसरे चरण के विस्तार परियोजना के लिए अस्पताल प्रशासन ने एक अलग मास्टर प्लान तैयार कर मंत्रालय भेजा है। इसके तहत इसकी बेड क्षमता चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर करीब तीन हजार करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके तहत स्त्री रोगों और बच्चों के इलाज के लिए मातृ एवं शिशु ब्लॉक भी बनाने का प्रविधान किया गया है।

**सुविधाएं**

**8 अस्पताल प्रशासन ने यह मास्टर प्लान का प्रारूप तैयार कर हाल ही में इसे स्वीकृति के लिए मंत्रालय में भेजा**

# सर्विस चार्ज लेने के मामले में सुनवाई जारी रखेगा हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेवा शुल्क** लेने से जुड़े मामले पर मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट आगे की सुनवाई जारी रखेगा। पांच सितंबर को हुई पिछली सुनवाई पर दिल्ली हाई कोर्ट ने रेस्तरां निकाय के सदस्यों से कहा था कि अपने ग्राहकों से सेवा शुल्क के रूप में ली जाने वाली राशि के लिए कर्मचारी योगदान शब्द का उपयोग करें। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह की पीठ ने फेडरेशन आफ होटल्स एंड रेस्तरां एसोसिएशन आफ इंडिया (एफएचआरएआइ) को निर्देश दिया था कि वे अपने मेन्यू कार्ड में इसे स्पष्ट रूप से दर्ज करें और बिल का दस प्रतिशत से अधिक शुल्क न लें। अदालत ने उक्त निर्देश होटलों और रेस्तरांओं को भोजन बिलों पर स्वचालित रूप से सेवा शुल्क लगाने से रोकने वाले दिशानिर्देशों के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिया था। सर्विस चार्ज को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने रेस्तरां एसोसिएशन को दिया ये निर्देश, क्या आपकी जेब पर पड़ेगा असर? एफएचआरएआइ ने अदालत को सूचित किया था कि उनके सदस्यों के रूप में 3300 से अधिक प्रतिष्ठान हैं और जबकि इसके सदस्यों के बीच सेवा शुल्क लगाने के संबंध में कोई एकरूपता नहीं है। उन्हें राशि के लिए वैकल्पिक शब्द के उपयोग पर कोई आपत्ति नहीं थी। एफएचआरएआइ ने कहा था कि इसके कुछ सदस्य अनिवार्य शर्त के रूप में सेवा शुल्क लगा रहे हैं। 1100 सदस्यों वाले याचिकाकर्ता नेशनल रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कहा कि सेवा शुल्क स्वीकृत शब्द है और इसे प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। इसके उपयोग के संबंध में कोई भ्रम नहीं है। इस पर अदालत ने कहा था कि मामले में सुनवाई की जरूरत है।

**जिरह**

**8 अपने ग्राहकों से सेवा शुल्क के रूप में ली जाने वाली राशि के लिए कर्मचारी योगदान शब्द का उपयोग करें**

# उत्तर भारत में भूकंप के जोरदार झटके

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। जोर के झटके लगते देख लोग अपने घरों और ऑफिसों से बाहर निकल आए.इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.2 बताई जा रही है। भूकंप के झटके दोपहर दो बजकर 51 मिनट पर महसूस किए गए। हालांकि, अभी तक किसी भी तरह का अप्रिय समाचार सामने नहीं आया है। ऐसा बताया जा रहा है कि इस भूकंप का केंद्र नेपाल में था। यह झटके दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम, गाजियाबाद सहित आसपास के शहरों में महसूस किए हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में भी लोगों को भूकंप के झटके लगे हैं।

**रिक्टर स्केल क्या होता हैः** अमेरिकी भू-विज्ञानी चार्ल्स एफ रिक्टर ने सन 1935 में एक ऐसे उपकरण का इजाद किया, जो पृथ्वी की सतह पर उठने वाली भूकंपीय तरंगों के वेग को माप सकता था। इस उपकरण के जरिए भूकंपीय तरंगों को आंकड़ों में परिवर्तित किया जा सकता है। रिक्टर स्केल आमतौर पर लॉगरिथम के अनुसार कार्य करता है।

# आधुनिक लैंडफिलः आधुनिक लैंडफिल का काम शुरू होने की जगी उम्मीद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** लैंडफिल को खत्म करने और वैज्ञानिक तरीके से कूड़े के निस्तारण के लिए दूसरी इंजीनियर्ड लैंडफिल (आधुनिक लैंडफिल) बनाने पर काम शुरू होने की आस जगी है। सुल्तानपुर डबास में बनने वाली इस लैंडफिल के लिए निगम की सबसे बड़ी परेशानी यहां मौजूद विलायती कीकर को काटने की पर्यावरण विभाग के साथ सहमति बन गई है अब निगम ने इस भूमि पर निविदा प्रक्रिया आमंत्रित करने की तैयारी शुरू कर दी है। इंजीनियर्ड लैंडफिल बनने से दिल्ली के कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने में सहायता मिलेगी, क्योंकि वर्तमान में कूड़े से बिजली बनाने के बाद जो राख निकलती है पुनः लैंडफिल पर ही डाल दी जाती है। ऐसे में सालिड वेस्ट मैंनेजमेंट उप



नियम 2016 इंजीनियर्ड लैंडफिल की वकालत करते हैं। कूड़े से बिजली बनाने के बाद जो राख निकलती है उसे इसी इंजीनियर्ड लैंडफिल साइट में डाला जाएगा। दिल्ली नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुल्तानपुर डबास में 45 एकड़ भूमि पर यह इंजीनयर्ड लैंडफिल बननी है। यहां पर करीब 700 पेड़ विलायती कीकर हैं। इन्हें काटकर भूमि को खाली किया जाना है। इन पेड़ों को काटने की मंजूरी के लिए पर्यावरण विभाग ने सैंद्धातिक मंजूरी दे दी है। इन पेड़ों के काटने के एवज में निगम ने घुम्मनहेड़ा में 40 एकड़ भूमि का सुझाव 7000 पेड़ लगाने के लिए दिया था। पर्यावरण विभाग के राजी होने के बाद से निगम अब वहां मौजूद 140 एकड़ भूमि में से 40 एकड़ भूमि का चयन करके पर्यावरण विभाग को बताएगा। अधिकारी ने बताया कि इंजीनियर्ड लैंडफिल बनाने के लिए सलाहकार पहले ही नियुक्त हो चुका है। जिसके द्वारा परियोजना रिपोर्ट बनाई जा रही है। इस रिपोर्ट पर निगम निविदा आमंत्रित करेगा। उल्लेखनीय है कि एनसीआर की पहली इंजीनियर्ड लैंडफिल ओखला के तेहखंड में बन रही है, जोकि वर्ष के अंत तक चालू हो जाएगी।

### ऐसे बनती है इंजीनियर्ड लैंडफिल

**इंजीनियर्ड** लैंडफिल के लिए चयनित भूमि पर सात मीटर गहरा गड्ढा खोदा जाता है। इसमें पानी के कारण बनने वाले लीचेड के ट्रीटमेंट के लिए पाइपलाइन बिछाई जाती है। फिर यहां पर कई जीयो-सिथेंटिक वस्तु की परतें बिछाई जाती हैं। इसके बाद बजरी डाली जाती है। इसमें 9.50 मीटर तक ऊंचाई तक कूड़े से बिजली बनाने के संयंत्र निकली राख को डाला जाता है।

**भलस्वा व नरेला बवाना लैंडफिल से निकली राख का होगा निस्तारण:** एमसीडी ने नरेला बवाना में कूड़े से बिजली बनाने का एक संयंत्र लगा रखा है, जबकि दूसरा कूड़े से बिजली बनाने का संयंत्र भलस्वा लैंडफिल पर लगा है। यहां पर निकलने वाली राख को प्रतिदिन फिर से लैंडफिल पर ही डाला जा रहा है। नियमानुसार एक हजार टन कूड़े को जलाया जाता है, तो उसमें 100 टन राख निकलती है।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा में बढ़ रहे कैंसर मामलों के लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की

**रेवाड़ी।** कैंसर एक घातक बीमारी है, यह कई प्रकार के होते है जैसे- ओरल कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, गर्भाशय कैंसर, लंग कैंसर, पेट का कैंसर, ब्लड का कोंसर, इसी में एक महिलाओं में होने वाला स्तन कैंसर भी है जो भारत में तेजी से फैलता जा रहा है। भारत में लगभग 25 में से 1 महिला को स्तन कैंसर होने का खतरा है। यह कैंसर हरियाणा में रेवाड़ी के आस-पास तेजी से फैल रहा है। स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाएं अपने परिवार और दोस्तों से इस बारे में खुलकर नहीं बोलती हैं। डब्ल्यू एच ओ के आंकड़ों के अनुसार, भारत में स्टेज 3 या 4 में 60% से अधिक महिलाओं में स्तन कैंसर का निदान किया जाता है। भारत में इसको लेकर अभी भी महिलाओं में जागरूकता की कमी है, इसी को लेकर नारायणा हॉस्पिटल गुरुग्राम के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है, उनके अनुसार इसको लेकर जागरुकता बहुत आवश्यक है।

इसी पर बात करते हुए डॉक्टर कौशल किशोर यादव, सीनियर कंसलटेंट एंड क्लीनिकल लीड, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, नारायणा हॉस्पिटल गुरुग्राम महिलाओं में जागरूकता बात पर जोर देते हुए कहते हैं कि ह्लयदि महिलाएं कुछ सावधानियां बरतें तो वे इससे बच सकती हैं इसके लिए उन्हें सबसे पहले अपनी कुछ आदतों में सुधार करने की आवश्यकता है जैसे-समय से प्रेगनेंसी और स्तनपान, नियमित शारीरिक गतिविधि, वजन नियंत्रण, और शराब के अत्यधिक सेवन और तंबाकू के धुएं के संपर्क में आने से बचने से स्तन कैंसर का खतरा कम हो सकता है।

इसके अलावा कुछ जांच जैसे- स्तन स्व-परीक्षण (बीएसई): महिलाओं को अपने स्तनों में किसी भी बदलाव की पहचान करने के लिए नियमित रूप से स्व-परीक्षण करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। दूसरा क्लिनिकल ब्रेस्ट एग्जामिनेशन (सीबीई): डॉक्टरों द्वारा नियमित क्लिनिकल परीक्षण किसी भी असामान्यता का पता लगाने में मदद करते हैं और तीसरा मैमोग्राफी: यह स्तन कैंसर की जांच के लिए प्राथमिक इमेजिंग उपकरण है, विशेष रूप से 40 से अधिक या उच्च जोखिम वाली महिलाओं के लिए किया जाता है।

### वी मैक्स फैमिली पोस्टपेड प्लान्स में डेटा शेयरिंग और नाईट टाईम अनलिमिटेड डेटा

**गुरुग्राम।** उद्योग जगत में पहली बार ह्यचॉइसह्न फीचर लाने के बाद, जिसके द्वारा वी मैक्स के पोस्टपेडयूजर अपने पसंदीदा फायदे चुन सकते हैं, वी लेकर आए हैं वी मैक्स फैमिली पोस्टपेड प्लान्स में दो अनूठे प्रस्ताव- डेटा शेयरिंग और नाईट टाईम अनलिमिटेड डेटा। इन प्रोडक्ट इनोवेशन्स के साथ वी मैक्स फैमिली पोस्टपेड उपभोक्ता ज्यादा डेटा के फायदे पाकर मुवीज, वीडियो स्ट्रीमिंग, म्युजिक, गेम्स, सर्फिंग, चैट का लुत्फ उठा सकते हैं, काम या पढ़ाई भी कर सकते हैं। वी मैक्स फैमिली पोस्टपेड प्लान के यूजर्स को अतिरिक्त डेटा के फायदे पहुंचाने के लिए वी नया प्रस्ताव डेटा शेयरिंग लेकर आए हैं, जिसमें यूजर को अपने चुने गए प्लान के अलावा 10 जीबी से लेकर 25 जीबी तक अतिरिक्त डेटा कोटा मिलता है। इस प्रस्ताव के साथ फैमिली प्लान के प्राइमरी और सैकण्डरी सदस्य अतिरिक्त डेटा कोटा को शेयर भी कर सकते हैं। वी, वी मैक्स फैमिली पोस्टपेड प्लान्स के तहत नाईट टाईम अनलिमिटेड डेटा भी लेकर आए हैं, जिसके द्वारा उपभोक्ता रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक ट्रूली अनलिमिटेड डेटा का अनुभव पा सकते हैं। इस पेशकश के साथ वी मैक्स रु 601 फैमिली प्लान, 2 कनेक्शन्स पर कुल 120 जीबी डेटा कोटा देता है। इसके अलावा रु 1001 और रु 1151 के वी मैक्स फैमिली प्लान पर 4 कनेक्शन्स के साथ 280 जीबी डेटा कोटा और 5 कनेक्शन्स के साथ 325 जीबी डेटा कोटा के फायदे मिलते हैं। सभी वी मैक्स पोस्टपेड प्लान अन्य वैल्यूएडेड फायदों के साथ आता है जैसे वी गेम्स, वी म्युजिक, वी जॉब्स एण्ड एजुकेशन, वी मुवीज एण्ड टीवी। वी मैक्स फैमिली पोस्टपेड प्लान्स के बारे में अधिक जानकारी के लिए लॉग ऑन करें

### पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**नोएडा।** भारत की अग्रणी विविधीकृत ऑटोमोबाइल डीलर, पॉपुलर व्हीकल्स एंड सर्विसेज लिमिटेड ("कंपनी") ने बाजार नियामक, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस ("डीआरएचपी") दाखिल किया। कंपनी वित्त वर्ष 2023 में दर्ज आय के लिहाज से, भारत की अग्रणी विविधीकृत ऑटोमोबाइल डीलरशिप है, (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट) जिसके पास पूरी तरह से एकीकृत व्यवसाय मॉडल है।

कंपनी इस इशू के तहत इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य ?2) के फ्रेश इशू के जरिये 250 करोड़ तक जुटाना चाहती है और 14,275,401 इक्विटी शेयरों का ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) पेश करना चाहती है।

("कुल ऑफर का आकार") कंपनी ने फ्रेश इशू के जरिये जुटाई गई राशि का उपयोग, कंपनी और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा लिए गए 192 करोड़ के ऋण के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान और/या पूर्व-भुगतान करने और और शेष राशि का इस्तेमाल सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव किया।

# शुरू हुई धान की कटाई, प्रशासन ने पराली पर नजर गड़ाई

## किसानों को किया जाएगा जागरूक, गौशाला का भी भरेंगे भंडार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा/लोकेश चौधरी**

**किसानों** ने धान की कटाई शुरू कर दी है। धान की कटाई शुरू होते ही जिला प्रशासन ने पराली के प्रबंधन पर नजर गढा दी है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी कीमत पर पराली खेत में नहीं जलाने दी जाए। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में फसल अवशेष प्रबंधन कार्यक्रम (पराली प्रबंधन) के अंतर्गत आयोजित बैठक की समीक्षा की। फसल प्रबंधन एवं फसल अवशेष जलाने के संबंध में



जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक तथा जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद, तहसील, विकास खंड, न्याय पंचायत व ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली गोष्ठियों एवं चौपाल व अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से फसल अवशेष प्रबंधन फसल अवशेष जलाने के दुष्परिणाम एवं विधिक प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए कृषकों को जागरूक किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण आदेश के अनुसार फसल अवशेष जलाया जाना एक दण्डनीय अपराध है।

जनपद में प्रयोग होने वाली प्रत्येक कंबाइन हार्वेस्टर के साथ कृषि विभाग, ग्राम विकास, राजस्व विभाग का कर्मचारी नामित हैं, यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अथवा एक्स्ट्रा रीपर अथवा एक्स्ट्रा रेक एवं बेलर या अन्य फसल और अवशेष प्रबंधन यंत्रों की बगैर चलती हुई पाई जाती है, तो उसको तत्काल सीज कर कंबाइन मालिक के स्वयं के खर्चे पर सुपर एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाए। धान की पराली का इन सीटू प्रबंध कर कृषकों के खेत में कंपोस्ट बनाने के लिए प्रेरित किया जाए। समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि पांचों विधानसभा क्षेत्रों में धान की पैदावार होती है। लेखपाल, थानाध्यक्ष, प्रधान तथा बड़े किसानों के साथ बैठक कर लें। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने बैठक में कहा कि पराली किसी भी स्थिति में जलाई न जाए, बल्कि इसे इकट्ठा कर सरकारी गौशालाओं को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## फसल अवशेष को खेत में जलाने की बजाएं किसान अब बना सकते हैं कमाई का अच्छा साधन : अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**उपायुक्त अनीश** यादव ने कहा कि फसल अवशेष विशेषकर पराली को लेकर सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई गई हैं, जिनका किसानों को लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों को नष्ट नहीं करते हुए किसानों को उनका समुचित प्रबंधन करना चाहिए। तकनीक के इस युग में अब फसल अवशेष परेशानी ना होकर कमाई का साधन बनता जा रहा है और बहुत से किसान व लोग अब फसलों के अवशेष से लाखों रुपए भी कमा रहे हैं। तकनीक के माध्यम से फसलों के अवशेषों का कई प्रकार से प्रयोग किया जा रहा है। ऐसे में किसान फसल अवशेष प्रबंधन करके आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कोई किसान पराली जलाते हुए पाया जाता है, तो ऐसे किसान के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। किसानों के लिए फसल अवशेष का प्रबंधन पहले काफी बड़ी परेशानी होती थी लेकिन अब सरकार द्वारा भी फसल अवशेष प्रबंधन के लिए प्रति एकड़ 1 हजार रुपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाती है। उन्होंने कहा कि फसलों के अवशेष को खेतों में जलाने से ना केवल उस जमीन को नुकसान होता था, बल्कि पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। सरकार ने फसल अवशेष प्रबंधन की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कई योजनाएं चलाई और योजनाओं को लेकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

## हवेली गांव में देशभर के पशु व्यापारियों का लगता है जमावड़ा

### विराट पशु मेले का पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री ने किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**ब्रज के** प्रसिद्ध और विषाल पशु मेलाओं में शुमार हवेली के मेला का विधिवत रूप से शुभारम्भ हो गया। देश के कौने कौने से इस मेला में व्यापारी पहुंचते हैं। महाराष्ट्र, बंगाल, गुजरात, जम्मू कश्मीर, हिमाचल, राजस्थान आदि प्रदेशों के अलावा अन्य प्रदेशों से भी व्यापारी यहां पहुंचते हैं। कारोबारी, व्यापारियों के अलावा अच्छी किस्म के घोड़ों को पालने के शौकीनों को यह मेला हमेशा से लुभाता रहा है। सोमवार की देर शाम को पूर्व मंत्री पं. श्याम सुंदर शर्मा फीता काटकर मेला का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनूप चौधरी, अरविंद शर्मा, विजय सिंह, हरदम सिंह, डा. सुरेंद्र सिंह, मूलचंद सारस्वत, पवन उपाध्याय आदि भी मौजूद रहे। हालांकि मेला में कई दिन पहले से ही व्यापारियों का आगमन शुरू हो गया था। कार्यक्रम के शुभारम्भ पर मेला संयोजक पूर्व प्रमुख अशोक सिंह ने पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री पंडित श्याम सुंदर शर्मा व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अनूप चौधरी का साफा बांधकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

मेला संयोजक अशोक सिंह ने बताया कि मेला में देशभर से कारोबारी पहुंचे हैं। पशु व्यापारियों की हर सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाता है। यहां आने वाले पशु व्यापारी प्रदेश और जनपद की छवि को लेकर भी अपनी आधारणा बनाते हैं। इस लिए हर स्तर पर प्रयास यही रहता है, बाहर से आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। मेला में रहने, टेंट, पानी सहित दूसरी कई सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

## बच्चे कल का भविष्य, पढ़ लिखकर बनेंगे होनहार : संदीप गर्ग

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरूक्षेत्र (दलबीर मलिक)स्टालवार्ट फाउंडेशन** के अध्यक्ष समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा है कि बच्चे कल का भविष्य है। बच्चों ने पढ़ लिखकर बड़े होकर होनहार बनना है । बच्चों का भविष्य संवारने में माता-पिता के साथ साथ गुरुजनों का भी बहुत बड़ा योगदान रहता है । जो बच्चे अपने अंदर विद्यमान गुणो को पहचान लेते हैं , वे बच्चे बहुत बड़ा इंसान बनते हैं। इसलिए बच्चों को पढ़ाई की ओर माता-पिता को विशेष ध्यान देना चाहिए। वे सिरसमा गांव में सृष्टि एजुकेशनल ट्रस्ट व मीडिया वेलफेयर क्लब द्वारा संयुक्त रूप से प्राथमिक विद्यालय सिरसमा व डेरा पुरबिया के प्रथम कक्षा से पांचवी में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों के लिए आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

## 'हरियाणा में मौजूदा सरकार खिलाड़ियों को सुविधाएं देने में नाकाम रही'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/ कमाल हुसैन**

**स्मार्ट हरियाणा** क्लब खेल समिति द्वारा गांव डाहर में आयोजित 2 दिवसीय महिला कब्बड्डी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के स्टेट जॉइंट सेकेटरीसुखवीर सिंह मलिक रहे। वहीं सुखबीर मलिक ने गांव में परिवार जोड़ों अभियान भी चलाया। मुख्य अतिथि सुखबीर मलिक ने कब्बड्डी प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मान राशि देकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। वहीं आयोजकों ने पगड़ी पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर उन्हें समानित किया। खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों को संबोधित करते हुए सुखबीर



मलिक ने कहा कि आम आदमी पार्टी की खेल नीतियां खिलाडि?ों को प्रोत्साहित कर रही हैं। दिल्ली में एक खेल यूनिवर्सिटी का निर्माण किया गया है जिससे खिलाडि?ों को बहुत सहूलियत मिली है। हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनाने पर खेल को सुधारने के लिए कार्य किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मौजूदा सरकार खिलाड़ियों को सुविधाएं देने में नाकाम रही है। यहां के खिलाड़ी अपने दम पर खेलों में अपने साथ-साथ प्रदेश का भी नाम रोशन करने का काम कर रहे हैं। वहीं सुखबीर मलिक ने गांव बिंझौल में भी परिवार जोड़ो अभियान चलाकर घर-घर पार्टी की नीतियों का प्रचार किया।

## लापता बालक के परिजनों ने वृंदावन कोतवाली लगाया जमघट

### वृंदावन पुलिस पर लगाया उचित कार्रवाई न करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडियामथुरा।**

**मंगलवार की दोपहर** को वृंदावन के केसी घाट क्षेत्र के निवासियों ने वृंदावन कोतवाली पर जमघट लगा दिया। साथ ही पुलिस प्रशासन के खिलाफ में विरोध प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के अनुसार विगत 28 सितम्बर को केसी घाट निवासी छोटू उर्फ भारत पुत्र खेमचंद उम्र करीब 10 वर्ष अपने घर से कहीं लापता हो गया। जिसके बाद परिजनों ने छोटू की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि वृंदावन



पुलिस उनके बच्चे को खोजने में कोई भी कोशिश नहीं कर रही है। आज उनके बच्चे को लापता हुए करीब छह दिन हो चुके हैं, लेकिन आज तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। वहीं उन्होंने वृंदावन पुलिस पर आरोप लगाया कि वृंदावन पुलिस तलाश में लापरवाही बरत रही है। साथ ही परिजनों ने बताया कि परिक्रमा मार्ग में लगे सरकारी सीसीटीवी कैमरे भी खराब है। जिसके कारण भी उनके बच्चे को खोजने में मुश्किल हो रही है। लापता हुए छोटू की मां किशन देवी ने बताया कि 28 सितम्बर की शाम को करीब चार बजे उनका लड़का खेलने के लिए घर से बाहर मोहल्ले में निकाला था, लेकिन काफी देर के बावजूद भी जब वह घर नहीं आया, तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन उसका कोई भी सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद परिजनों ने वृंदावन कोतवाली में उसकी रिपोर्ट दर्ज कर दी, लेकिन अब तक वृंदावन पुलिस के द्वारा उनके बच्चे को खोजने में कोई भी कोशिश नहीं की है। इसी वजह से आज परिवारीजनो और रिश्तेदारों ने मिलकर कोतवाली का घेराव किया है। वही लापता हुए छोटू की मां ने बताया कि वृंदावन पर का मार्ग में लगे सरकारी सीसीटीवी भी खराब है।

## जठेड़ी में विकास एवं पंचायत विभाग की टीम ने पांच कनाल पंचायती जमीन से कब्जा हटाया

**राई।** गांव जठेड़ी में विकास एवं पंचायत विभाग की टीम ने मंगलवार को पांच कनाल पंचायती जमीन से कब्जा हटा दिया। कब्जाधारी ने फरवरी 2010 में पंचायती जमीन पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया था। इसके बाद कब्जाधारी ने उस जमीन पर निर्माण सामग्री का स्टॉक चालू कर दिया। स्टॉक की आड़ में धार्मिक स्थल का निर्माण भी किया गया था। जिस पर लोग पूजा अर्चना के लिए आने लगे। इसके बाद पंचायती जमीन से कब्जा हटवाने के लिए विकास एवं पंचायत विभाग की तरफ से डीआरओ कोर्ट में केस डाला गया। इसके बाद डीआरओ कोर्ट से फैसला पंचायत विभाग के हक में आया। इसके बाद मंगलवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी जितेंद्र चौहान के नेतृत्व में टीम मौके पर बुलडोजर लेकर पहुंची। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। मौके पर टीम के पहुंचने से पहले कब्जाधारी अपने स्टॉक को खाली कर दिया था। इस दौरान वहां पर बनी चहारदीवारी व उसके साथ बने धार्मिक स्थल को बुलडोजर से हटाया गया। इस दौरान समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी सुरेंद्र सिंगला, ग्राम सचिव सुरेंद्र, सरपंच योगेश, गिरदावर व अन्य मौजूद रहे।

## झंडीपुर पाएगा सम्मान, शहीद स्मारक पर रखा जाएगा टैंक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**देश की** सेवा के लिए अपने सपूतों को न्यौछावर करने के लिए हमेशा तैयार रहने वाली मथुरा भूमि को भी सेना ने खूब सम्मान दिया है। बलिदानी हेमराज को मिला सम्मान देष भर में मिषाल बना गया। एक बार फिर मथुरा भूमि को ऐसी तरह का गौरव हासिल होने जा रहा है। मथुरा के सदर तहसील के फरह ब्लॉक का झंडीपुर ऐसा पहला गांव बनने जा रहा है, जहां शहीद के सम्मान में उनके स्मारक पर सेना का टैंक रखा जायेगा। इसे चार अक्टूबर को शहीद बबलू सिंह के पैतृक गांव झंडीपुर में स्मारक स्थल पर रखा जायेगा। सेना मैडल से सम्मानित बबलू सिंह 29 व 30 जुलाई 2016 की मध्य रात को नौगांव सेक्टर में ड्यूटी कर रहे थे। आतंकियों के साथ छह घंटे तक चली मुठभेड़ में चार आतंकी मारे गए थे।

## मंडलायुक्त ने उत्कृष्ट सफाई कर्मियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**मथुरा वृंदावन** नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती पर सफाई कर्मचारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी मौजूद रहीं। नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा लक्ष्मीनगर स्थित एक जीवीपी गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट को पूर्णतरू विलोपित कर, रीसाइकल्ड प्लास्टिक से बनी बेंच लगा कर एवं पुराने टायरों को इस्तेमाल करके सौंदर्यीकरण किया। साथ ही लक्ष्मी नगर के



निवासियों को कूड़ा केवल कूड़ा गाड़ी में डालने एवं अपने आस पास साफ सफाई रखने हेतु जागरूक भी किया गया। गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट के सौंदर्यीकरण कार्यों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मियों को मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने सम्मानित किया। मंडलायुक्त ने इस नई पहल हेतु मथुरा वृंदावन नगर निगम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यों को जनपद में अन्य स्थानों पर भी किया जाए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, नवागत नगर आयुक्त शशांक चौधरी, अपर नगर आयुक्त क्रांति शेखर सिंह, मुख्य अभियंता एके सिंह, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र यादव, सैनिटेशन एक्सपर्ट ऋषभ कांत दुबे, रोहित वार्ष्णेय एवं नगर निगम के अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

## साइबर अपराध से बचाव के तरीकों से कराया अवगत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**पुलिस महानिदेशक** शत्रुजीत कपूर के कुशल मार्गदर्शन एवं एजीडीपी क्राइम हरियाणा ओपी सिंह के दिशा-निर्देश के तहत पूरे हरियाणा में अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के तहत जिला पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में जिला पुलिस की विभिन्न टीम प्रतिदिन आमजन को साइबर अपराध के तरीकों तथा उनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस साइबर जागरूकता माह के तहत लोगों को साइबर क्राइम से बचने



के लिए जागरुक कर रही है पुलिस टीमों द्वारा आज शहर के पुराना बस अड्डे और घंटाघर चौक पर पहुंचकर लोगों को साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरूक किया गया।

एसपी ने कहा कि व्यक्ति का जितना लालच होगा, उतना ही साइबर क्राइम में फंसने के चांस बढ़ते चले जाते हैं। इसलिए अनजान फोन आने पर कभी भी ओटीपी शेयर ना करें, न हीं उनकी बातों के जाल में उलझें। फोन पर लॉटरी निकालने या विदेश से गिफ्ट आने के साथ-साथ लगातार एक के बाद एक लालच देकर साइबर अपराधी अपने जाल में आम आदमी को फंसाने का प्रयास करते हैं और लालच के चलते कई लोग अपने जीवनभर के जमा पूंजी गंवा बैठते हैं।

उन्होंने बताया कि स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर नागरिक साइबर ठगी से बच सकते हैं। ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। एप्प्स और बैंकिंग सिस्टम में सेंधमारी कर साइबर अपराधी नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं।

अगर आपके साथ किसी भी प्रकार का साइबर अपराध हो जाता है या आप किसी ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं तो बिना किसी देरी के जल्द से जल्द इसकी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 व नजदीकी पुलिस थाना या चौकी में सूचना दें। 1930 पर तुरंत प्रभाव से शिकायत दे ट्रांजेक्शन फ्रीज करवाए और वित्तीय हानि से बचें।

## योग तनाव और चिंता को करता है कम: दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**योग गुरु दिनेश** गुलाटी के नेतृत्व में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत पार्क एनक्लेव सेक्टर तेरह कक्षा में योग करवाया गया। दिनेश गुलाटी ने सदस्यों को योगाभ्यास और प्रणाम का शिक्षण दिया। उन्होंने साधकों को विभिन्न तरह के सूक्ष्म व्यायाम, आसन और प्राणायाम करवाए।

इस दौरान उन्होंने प्राणायाम के महत्व के बारे में समझाते हुए कहा कि योग न केवल बाहर से स्वस्थ रखता है, अपितु अंदरूनी तौर पर स्वस्थ और संतुलन बनाए रखता है और साथ ही आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में



भी मदद करता है। योग करने वाला व्यक्ति पूर्ण रूप से निरोगी जीवन व्यतीत कर सकता है।

उन्होंने कहा कि बच्चे, व्यस्क और बुजुर्गों सभी के जीवन में योग समान रूप से लाभकारी है। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में अगर दिन में एक घंटा भी योग किया जाए तो इसके अनगिनत लाभ पहुंचते हैं। योग तनाव और चिंता को कम करता है और व्यक्ति के अंदर आत्मविश्वास की भावना पैदा करता है। योग द्वारा हम श्वसन संबंधी हर समस्या को दूर कर सकते हैं।

# जीटी करनाल रोड़ पर जाम से जनता परेशान





**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में अब जाम की समस्या आम बात हो गई है, अगर आप रोड़ पर निकलते है और जाम की समस्या का आपको सामना नहीं करना पड़ता तो आप समझ ले कि आप काफी किस्मत वाले व्यक्ति है।
कुछ ऐसा ही हाल मंगलवार की सुबह उत्तर-पश्चिम दिल्ली के आजादपुर मंडी के सामने वाले जीटी करनाल रोड़, और जहांगीरपुरी मैट्रो स्टेशन के पास देखने को मिला। तो वहीं आजादपुर मंडी के गेट पर भी जाम की समस्या रही। जिससे मंडी में आने वाले व्यापारियों व खरीदारों को परेशान होना पड़ा।

**समस्या...**
8 घंटों जाम में फंसे हुए लोगों ने प्रशासन को कोसा
8 सर्विस रोड़ से अतिक्रमण हटाया जाये।

**घंटों जाम में फंसे रहे लोग:** जीटी करनाल रोड़ जहांगीरपुरी और आजादपुर पर जाम होने की वजह से लोग घंटों जाम में फंसे रहे।
**दिल्ली में जाम की समस्या हो गई है आम:** जाम में फंसे हुए एक युवा रोशन सिंह ने बताया कि अब तो लगता है कि दिल्ली में जाम आम बात हो गया है। खासतौर से जब भी मैं सुबह या शाम को आजादपुर मंडी के सामने वाले रोड़ से जहांगीरपुरी होते हुए लिबासपुर की ओर जाता हूं तो मुझे अधिकतर समय जाम ही मिलता है।
**प्रशासन की लापरवाही:** महिला रीमा रानी ने बताया कि यह प्रशाासन की लापरवाही ही है, चालान काटने को तो प्रशासन आगे रहता है, लेकिन हम घंटों से जाम में फंसे हुए है, लेकिन जाम खुलवाने अब प्रशासन नहीं आ रहा है।

## सर्विस रोड़ से अतिक्रमण को हटाया जाये: हरीकिशन जिंदल



**आदर्श** नगर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने कहा कि जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन, आजादपुर मंडी जीटी करनाल रोड़ और जीटीके डिपो के पास जाम की समस्या अब आम होती जा रही है। आज मंगलवार की सुबह से ही कई घंटों का जाम जीटी करनाल रोड़ पर देखने को मिला। यह प्रशासन की लापरवाही ही है, जिसका सामना जनता को करना पड़ता है। पूर्व जिला अध्यक्ष श्री जिंदल ने कहा कि जाम की एक वजह सर्विस लेन पर अतिक्रमण भी है, जो प्रशासन की लापरवाही की वजह से ही हो रहा है, जिस पर प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। एक ओर जहां गाड़ी सेल-परचेज वालों ने सर्विस रोड़ पर गाड़ियां खड़ी कर रखी है, वहीं कई अन्य प्रकार के कार्य करने वालों ने भी सर्विस रोड़ पर अतिक्रमण करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। श्री जिन्दल ने प्रशासन से मांग की है, सर्विस रोड़ पर जिन लोगों ने भी अतिक्रमण कर रखा है, उनके खिलाफ नियमानुसार करवाई हो। जिससे की सर्विस रोड़ से अतिक्रमण हट सके।

## जाम की समस्या का समाधान करें प्रशासन: संदीप खंडेलवाल



**भारतीय** किसान यूनियन भानू युवा मोर्चा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष संदीप खंडेलवाल ने प्रशासन से मांग की है कि जिस प्रकार से आज मंगलवार की सुबह जीटी करनाल रोड़ आजादपुर और जहांगीरपुरी रोड़ पर जाम लगा, जिसमें लोग घंटों फंसे रहे। इस समस्या को प्रशासन को गंभीरता से लेना होगा। ताकि इस प्रकार से जाम आगे से न लगे। क्योंकि ऐसे जाम लगने के कारण मिनटों का सफर तय करने में घंटों का समय लगता है और जनता को परेशान होना पड़ता है।

# नंगलीपूना: खेलों का हमारे जीवन में है विशेष महत्व: देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशन** फस्ट फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के तहत माता सुखदेवी स्कूल नंगलीपूना में फुटबॉल के 2 मैचों में पहला मैच प्रह्लाद पूर और बवाना के बीच खेला गया। जिसमें बवाना 3-1 से विजयी रहा। दूसरा मैच हैदरपुर वनाम खेड़ा खुर्द के बीच खेला गया जिसमें हैदरपुर ने 4-1 से जीत हासिल किया। पीएसआर क्रिकेट ग्राउंड नंगलीपूना में क्रिकेट का पहला मैच समयपुर वनाम प्रह्लाद पुर के बीच खेला गया जिसमें प्रह्लाद



पुर ने मैन ऑफ द मैच राहुल गुप्ता के शानदार आल राउंड प्रदर्शन 68 रन एवं 3 विकेट के बदौलत 140 से जीत हासिल किया। दूसरा मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड में एमसीडी समयपुर और एस एन इलेवन स्वरूप नगर के बीच खेला गया। जिसमें एस एन इलेवन स्वरूप नगर ने मैन ऑफ द मैच देवेंद्र सिंह 62 रन और 4 विकेट आल राउंडर प्रदर्शन की बदौलत 122 रन से शानदार जीत हासिल किया तीसरा मैच पीएसआर नंगली पूना क्रिकेट ग्राउंड में नंगली वनाम खेड़ा कलां के बीच खेला गया। जिसमे मैन ऑफ द मैच मीता राणा के शानदार 63 रन व 3 विकेट के ऑल राउंडर प्रदर्शन की बदौलत 48 रनो से जीत हासिल किया। चौथा मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड में नरेला वनाम कराला के बीच खेला गया जिसमे कराला के कनिष्क माथुर के शानदार ऑल राउंडर प्रदर्शन की बदौलत 6 विकेट से जीत हासिल किया। वहीं पांचवे क्रिकेट मैच कादीपुर ग्राउंड में भलस्वा वनाम यादव नगर समयपुर के बीच खेला गया। जिसमे मैन ऑफ द मैच लव वशिष्ठ की घातक गेंदबाजी की बदौलत भलास्वा ने 7 विकेट से जीत हासिल किया। नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव ने सभी विजयी टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया और कहा कि चौधरी न्यादर सिंह यादव ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभा को निखरने का बेहतरीन प्लेटफॉर्म है जहाँ ग्रामीण खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखारते हुये अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

## शालीमार बाग: पोल से स्ट्रीट लाईट हुई गायब: सत्यपाल शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग इलाके ब्लॉक बीके-2 से सटे स्वीमिंग पुल वाले रोड़ पर बिजली के पोल पर स्ट्रीट लाईट गायब है। उक्त बातें जागरूक उपभोक्ता मंच के महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने कही। श्री शर्मा ने कहा कि यहां पर 9 पोल है मगर मात्र तीन पर ही स्ट्रीट लाईट लगी हुई है। लाईटें न होने से पूरे रोड़ पर अंधेरा रहता है। जिसके फलस्वरूप अप्रिय घटना का अंदेशा बना रहता है। महामंत्री सत्यपाल शर्मा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अनुरोध है किया



कि यहां पर स्ट्रीट लाईट लगवाएं, जिससे की यहां पर पर्याप्त रोशनी हो सके।

## नागंलोई: कांग्रेस पार्टी गरीब और किसानों की पार्टी है: कृष्णपाल गहलोत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नांगलोई विधानसभा** क्षेत्र में रहने वाले प्रसिद्व समाज सेवी व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कृष्णपाल गहलोत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित, शोषित, पिछड़े, गरीब और किसानों की पार्टी है। कांग्रेस ने हमेशा देश और जनता की भलाई में काम किए हैं। वहीं, उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय जनता पार्टी तो देश के संविधान के विपरीत काम कर रही है। वहीं कृष्णपाल ने यह भी कहा कि हम सभी को एक जुट होकर देश के संविधान को बचाने के लिए भाजपा को सबक सिखाने का काम करना



होगा।
**भाजपा को जनता सिखाएगी सबक:** इतिहास ग्वाह हैं कि कांग्रेस ने हमेंशा ही जनता कि भलाई व हितों को देखते हुए कार्य किए हैं। जब तक देश में कांग्रेस की सरकार थी तब तक गरीब आदमी की थाली में एक नहीं तीन-तीन सब्जियां हुआ करती थी, लेकिन जब से भाजपा सरकार में आई हैं तब से गरीब लोगों की थालियों में तीन सब्जियां तो बड़ी बात हैं, एक समय का खाना भी मुश्किल हो चुका हैं। वहीं उन्होंने कहा कि जनता मोदी सरकार की इस मर्जी का जवाब आगामी चुनाव में हार का मुहं दिखाकर देगी व अपने ऊपर हुए इस अत्याचार व सौतेले व्यवहार का बदला लेकर रहेगी।

## शालीमार बाग: कथा का श्रवण ध्यानपूर्वक करें: राजकुमार चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** गांव के युवा समाजसेवी राजकुमार चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शालीमार बाग में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन डॉक्टर साहिब सिंह वर्मा सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन श्री राधे धार्मिक सेवा समिति पंजीकृत के द्वारा किया जा रहा है।
इस मौके पर अशोक कुमार मलिक, पूजा रानी मलिक मुख्य रूप से मौजूद रहे। कथा व्यास स्वामी अमन देव जी महाराज परम पूज्य गुरुदेव स्वामी धर्मदेव जी महाराज जी ने भक्तों को कथा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री चौधरी ने बताया



कि कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे। इस अवसर पर राजकुमार चौधरी, रानी कुमारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रानी बाग: समाजसेवी सुरेश नागपाल को बनाया गया मंडल अध्यक्ष

**नई दिल्ली/महेन्द्र सिंह**
**भारतीय जनता** पार्टी द्वारा सुरेश नागपाल को शकूरबस्ती विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले रानी बाग बार्ड नंबर-60 से मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। इस मौके पर पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान नागपाल ने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलकर विधानसभा में संगठन को मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सुरेश नागपाल ने भाजपा के शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी पार्टी ने मुझे दी है उस पर मैं खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा व जनता को साथ



लेकर संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा।
**पचास साल से पार्टी से जुडा हैं नागपाल परिवार:** वहीं आगे नागपाल ने बताया कि हमारा नागपाल परिवार पिछले पचास सालों से पार्टी से जुड़ा हुआ हैं। उन्होंने आगे बताया कि मेरे पिताजी स्वर्गीय बनवारी लाल समाज सेवी होने के साथ ही पचास सालों से पार्टी से भी जुड़े हुए हैं, शायद उसी विश्वास के साथ ही पार्टी ने मुझे मंडल के रूप में पदभार दिया हैं जिसको मैं निष्ठाभाव से निभाउंगा।
**छोटे से कार्यकर्ता को भी मिलता हैं मौका आगे बढ़ने का:** नागपाल ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही है, जहां छोटे से कार्यकर्ताओं को भी आगे बढ़ाने का मौका देती है और आज मुझको रानी बाग से भाजपा मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है जिसके लिए वह हमेशा पार्टी के आभारी रहेगे।

# त्रीनगर: जल बोर्ड के गंदे पानी की सप्लाई से लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**जब केजरीवाल** सरकार सत्ता में आई थी तो उन्होंने हर घर तक पानी पहुंचाने का वादा किया था, लेकिन देश की राजधानी दिल्ली के कई इलाके ऐसे हैं, जहां लोगों को अभी भी पानी की समस्या झेलनी पड़ रही है। दरअसल दिल्ली के त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कोहाट वार्ड नंबर-61 स्थित श्रीनगर व राजा पार्क इलाके के लोग काफी लंबे समय से पीने के गंदे पानी की सप्लाई की समस्या से जूझ रहे हैं।
**क्या कहना हैं आरडब्ल्यूए का:** वहीं स्थानीय मैत्री आरडब्लूए के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार ने 24 घंटे पानी देने का वादा किया था, लेकिन 24 घंटे तो दूर की बात है, यहां पानी ही बहुत कम आता है और जो पानी आता है वह भी बहुत गंदा होता है।
वहीं मामले में आरडब्लूए के पदाधिकारी बलराम चावला ने बताया कि हमारे यहां दिल्ली जल बोर्ड की पानी की लाइन साल 1978 में बिछाई गई थी इसके बाद से शायद एक-दो बार ही बदली गई होगी, जिसके चलते गंदा पानी तो आता ही हैं इसके साथ ही सीवर भी ओवर फ्लो रहता हैं।
**स्थानीय जनता का आरोप:**



**इस** बारे में जब यहां रहने वाले लोगों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार मुफ्त की सेवाओं की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी सही तरीके से नहीं मिल पा रही हैं।
**राजीव खन्ना (स्थानीय निवासी)** का कहना हैं कि पीने का पानी सबसे जरूरी है और अगर यही साफ नहीं होगा तो लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ेगा। लोगों ने कहा कि सरकार हमें फ्री सुविधाएं देने की बजाए सही तरीके से सुविधाएं दी जाये।
**अभिषेक (स्थानीय निवासी)** ने कहा कि हम लोगों के टैक्स भरने के बावजूद हमें साफ पानी नहीं मिल पा रहा है, गंदे पानी के सेवन से लोग बीमार हो सकते हैं, ऐसे में सरकार को इन कमियों को सुधारना होगा, उन्होंने आगे बताया कि इस बाबत दिल्ली जल बोर्ड में भी शिकायत की जा चुकी है।
**अरूण (स्थानीय निवासी)** ने आगे कहा कि हमारा इलाका एक पॉश एरिया है, जब यहां ऐसी स्थिति है तो ग्रामीण इलाकों की क्या स्थिति होगी। हमें साफ पानी नहीं मिल पा रहा है, जिस पर सरकार को सोचने की जरूरत है। इंसान खाना खाए बिना एक हफ्ते तक जीवित रह सकता है, लेकिन पानी के बिना 24 घंटे भी जिंदा नहीं रह सकता।
**अमित गोयल (स्थानीय निवासी)** ने सरकार व जल बोर्ड से यह अपील की, कि पीने के पानी की समस्या को जल्द से जल्द हल किया जाए, ताकि हमको इससे निजात मिल सके।

## सुल्तानपुरी: आप के राज में जनता है खुश: संजय खिड़वालिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने हमेशा ही दिल्ली के गरीब लोगों की निस्वार्थ भावना के साथ ही सेवा की हैं व आप पार्टी किसी बड़े व्यापारी या अमीरों की पार्टी नहीं हैं बल्कि आम आदमी पार्टी सच में भी आम लोगों की ही पार्टी हैं। यह कहना है सुल्तानपुरी विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर-43 से आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद संजय खिड़वालिया का। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में विपक्षी पार्टियां भी विकास के नाम पर राजनीति करने को मजबूर हो गई है। वह भी बिजली पानी और विकास की बात कर रही है। यह बदलाव आम आदमी पार्टी की वजह से है। आप ने राजनीति को विकास के बिंदू पर केंद्रित कर दिया है। आप की सरकार ने वह काम



किया जो कभी कोई सोच नहीं सकता था।
**आप ने बस काम किया राजनीति नहीं:** दिल्ली में इतने काम हुए कि कोई भी एक बार में गिनवाना भी चाहें तो भी गिनवा नहीं सकता। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में ऐसा काम हुआ हैं कि आज रिक्शा चलाने वाला हो या फिर दिहाड़ी मजदूर हो सभी के बच्चों को उच्च स्तर पर शिक्षा प्राप्त हो रही हैं।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 04 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

फास्ट न्यूज

## पचास लाख रेहड़ी-पटरी वालों तक पहुंचा पीएम स्वनिधि का लाभ

**नई दिल्ली**
आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) की पहल प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना ने देश भर में 50 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरीवालों को ऋण मुहैया कराकर एक महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल किया है। केन्द्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने योजना से जुड़ा लक्ष्य हासिल करने पर कहा कि पीएम स्वनिधि योजना केवल तीन वर्षों में 50 लाख से अधिक लाभार्थियों तक पहुंच कर हमारी उम्मीदों से आगे निकल गई है। यह उपलब्धि स्ट्रीट वेंडर को सशक्त बनाने और उन्हें औपचारिक वित्तीय प्रणालियों में एकीकृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस साल 1 जुलाई को योजना के तहत प्राप्त किए जाने वाले लक्ष्यों को संशोधित करते हुए एक अभियान शुरू किया गया था। इस सामूहिक प्रयास से 65.75 लाख ऋण वितरित किए गए, जिससे 50 लाख से अधिक रेहड़ी-पटरी वालों को लाभ मिला। इसमें अबतक कुल मूल्य 8600 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण दिया जा चुका है। पिछले तीन महीनों में राज्यों ने 12 लाख से अधिक नए विक्रेताओं को सफलतापूर्वक अपने साथ जोड़ा है। यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। फिलहाल कई अन्य नामांकन की प्रक्रिया में हैं। पीएम स्वनिधि योजना स्ट्रीट वेंडरों को डिजिटल भुगतान के माध्यम से सशक्त बनाती है। उल्लेखनीय है कि 1 जून, 2020 को शहरी स्ट्रीट वेंडरों के लिए शुरू की गई माइक्रो क्रेडिट योजना पीएम स्वनिधि का उद्देश्य 50 हजार तक बिना किसी जमानत के ऋण प्रदान करना है।

## गुरुग्राम में कुख्यात गैंगस्टर कौशल चौधरी ने काटी नस

**गुरुग्राम:** कुख्यात गैंगस्टर कौशल चौधरी ने मंगलवार को गुरुग्राम में आत्महत्या करने का प्रयास किया। यह वाकया तब हुआ, जब पालम विहार क्राइम ब्रांच उसे पूछताछ के लिए प्रोडक्शन वारंट पर अपनी हिरासत में लेकर आई थी। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर उसकी हालत स्थिर है। जानकारी के अनुसार कुख्यात गैंगस्टर कौशल चौधरी को पालम विहार क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक केस में जांच के लिए प्रोडक्शन वारंट पर लिया था। पुलिस उसे पालम विहार लेकर आई थी। पुलिस पूछताछ की तैयारियों में जुटी थी। बताया जा रहा है कि गैंगस्टर कौशल चौधरी ने पुलिस से दाढ़ी बनवाने का आग्रह किया था।

# यूपी: शिक्षा मॉडल का डेमो पेश करेगी योगी सरकार

### लखनऊ और बाराबंकी में 10 परिषदीय विद्यालयों को डेमो विद्यालय के तौर पर किया जाएगा अपग्रेड

**रोडमैप**

राज्यों और विदेश से मेहमानों को प्रदेश की बेहतर शिक्षा व्यवस्था और विकास से परिचित कराया जा सके



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**परिषदीय स्कूलों को** अपग्रेड करने के लिए योगी सरकार बड़े पैमाने पर अभियान चला रही है। 57 जनपदों में सरकार अत्याधुनिक सुविधा युक्त मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की शुरूआत करने जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश की राजधानी लखनऊ और बाराबंकी के मुख्य मार्गों पर अवस्थित 10 विद्यालयों को भी अपग्रेड किए जाने का प्रस्ताव है। इन विद्यालयों को योगी सरकार डेमो विद्यालय के रूप में विकसित करेगी, ताकि विभिन्न राज्यों और विदेश से लखनऊ आने वाले प्रतिनिधियों और मेहमानों को प्रदेश की बेहतर शिक्षा व्यवस्था और विकास से परिचित कराया जा सके। प्रस्ताव के अनुसार, स्थलीय परीक्षण एवं प्रेरणा पोर्टल पर जियो टैग तकनीक के आधार पर गैप एनालिसिस कर इन विद्यालयों का चयन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने स्वयं लखनऊ और बाराबंकी मुख्य मार्ग पर विद्यालयों को चिन्हित कर उन्हें अपग्रेड किए जाने के निर्देश दिए थे।

**करीब 7 करोड़ व्यय होंगे**

**प्रोजेक्ट पर :** मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग पूरे प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों को अपडेट करने में जुट गया है। लखनऊ और बाराबंकी में भी जल्द ही प्रस्ताव पर अमल की शुरूआत हो सकती है। महानिदेश स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के अनुसार, 'यह विद्यालय स्ट्रीमिंग और डेमॉन्सट्रेशन के लिए होंगे। लखनऊ में जो लोग आते हैं, उन्हें इसके माध्यम से दिखाया जाएगा कि राज्य शिक्षा नीति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्या होती है और उसे स्कूलों में कैसे लागू किया जाता है। इसके माध्यम से एक्सीलेंट लर्निंग और लर्निंग बाय डूईंग जैसे यूनीक कांसेप्ट को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही इसके प्रशिक्षण का भी आइडिया है। इस प्रोजेक्ट को इसी वर्ष शुरू किया जाएगा।' प्रस्ताव के अनुसार, जनपदों द्वारा किए गए गैप एनालिसिस के आधार पर 10 परिषदीय कम्पोजिट विद्यालयों को अपग्रेड करने के लिए करीब 7 करोड़ रुपए के व्यय का अनुमान है। इस तरह प्रत्येक विद्यालय के उच्चीकरण और सुविधाओं से युक्त करने पर 66 लाख रुपए के खर्च का अनुमान है।

## सोशल मीडिया पर छाए सीएम योगी

**सभी** सोशल मीडिया साइट्स पर सबसे सक्रिय सीएम के रूप में है योगी आदित्यनाथ की पहचान

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ
सोशल मीडिया पर सीएम योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता में हर नए दिन के साथ वृद्धि हो रही है। हाल ही में ट्विटर पर 2.5 करोड़ फॉलोअर्स का आंकड़ा पार करने के बाद अब सीएम योगी ने इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सीएम योगी के फॉलोअर्स की संख्या 70 लाख का आंकड़ा पार कर गई है। फॉलोअर्स की इस संख्या को पार करने वाले सीएम योगी तीसरे भारतीय राजनेता हैं। उनसे पहले सिर्फ पीएम मोदी (7.97 करोड़) और गृहमंत्री अमित शाह (78 लाख) ही इस आंकड़े को पार कर सके हैं। उल्लेखनीय है कि देश के सबसे बड़े आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 2017 में सरकार बनने के बाद सीएम योगी ने जिस तरह राज्य में विकास और सुशासन के साथ-साथ कानून और व्यवस्था में व्यापक सुधार किए, उससे उनकी लोकप्रियता नए मुकाम पर पहुंच गई है।

**हर पोस्ट को मिल रहा लोगों का प्यार:** इंस्टाग्राम पर नाम से एक्टिव सीएम योगी ने मार्च 2015 में इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पदार्पण किया था। सोशल मीडिया पर उनकी सक्रियता का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि 2015 से लेकर अब तक सीएम योगी इंस्टाग्राम अकाउंट पर 3,273 पोस्ट कर चुके हैं। इन पोस्ट्स में विभिन्न कार्यक्रमों में दी गई उनकी स्पीच के साथ ही कन्यापूजन करते, खिलाड़ियों समेत विभिन्न पर्सनालिटीज के साथ मुलाकात करते और ऐतिहासिक अवसरों पर सीएम द्वारा शुभकामना संदेश दिए गए हैं।



बीआरडी मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को विशेषासंचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को देवरिया के रुद्रपुर क्षेत्र की चर्चित घटना में घायल बालक अनमोल दूबे से मुलाकात की। इस दौरान वह काफी भावुक हो गए। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि बालक के उपचार में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आनी चाहिए।

## जयपुर, बीकानेर, अजमेर एवं जैसलमेर में बनेंगे पैनोरमा

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**राज्य** सरकार प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और महापुरुषों के जीवन आदर्शों से नई पीढ़ी को अवगत कराने के लिए पैनोरमा तैयार करा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चार जिलों में पैनोरमा निर्माण के लिए 18 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

गहलोत की स्वीकृति से जयपुर में स्वामी आत्मारामजी लक्ष्य पैनोरमा, बीकानेर में राव बीकाजी पैनोरमा बनेगा। इनमें 4-4 करोड़ रुपये की लागत आएगी। साथ ही, अजमेर में पृथ्वीराज चौहान पैनोरमा तथा जैसलमेर के पोकरण में इंदिरा महाशक्ति भारत पैनोरमा का निर्माण होगा। इनमें 5-5 करोड़ रुपये व्यय होंगे। सभी कार्य पर्यटन विभाग द्वारा पर्यटन विकास कोष से करवाए जाएंगे।

## जेल के बंदियों की न्यूनतम दरें बढ़ाई जाएंगी : धामी

**टीम एक्शन इंडिया**/देहरादून
मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सचिवालय में जेल विकास बोर्ड की पहली बैठक में कारागारों में श्रम में नियोजित बन्दियों की न्यूनतम मजदूरी दरों को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। दैनिक पारिश्रमिक कुशल के लिए 67 रुपये से बढ़ाकर 85 रुपये, अर्द्धकुशल के लिए 52 रुपये से बढ़ाकर 65 रुपये और अकुशल के लिए 44 रुपये से बढ़ाकर 55 रुपये दिये जाने का निर्णय लिया गया। राज्य के सभी कारागारों में बेकरी यूनिट की स्थापना की जायेगी। 02 फरवरी 2023 को जिला कारागार देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बेकरी यूनिट का शुभारंभ करने के अच्छे परिणाम आने के बाद यह निर्णय लिया गया। बैठक में सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में अच्छी नस्ल की 10 गायें क्रय करने पर सहमति बनी। सम्पूर्णानन्द शिविर (खुली जेल) सितारगंज में शिविर की 05 बीघा भूमि पर विभिन्न प्रजाति के फलदार तथा औषधीय पौधों की पौधशाला की स्थापना के लिए बैठक में सहमति बनी। इसके लिए प्रशिक्षण, देखरेख एवं खरीद की सभी व्यवस्था उद्यान विभाग करेगा। इस पौधशाला केन्द्र से 50 से 60 बंदियों को श्रम पर नियोजित किया जा सकेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि कारागारों में निरुद्ध बन्दियों के कौशल विकास के लिए कौशल विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## धनबाद में प्रिंस खान के चार गुर्गे गिरफ्तार, हथियार बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/धनबाद,**
**प्रिंस खान** गैंग के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस गिरोह में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले नसीम अंसारी सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से अत्याधुनिक हथियारों के साथ भारी मात्रा में कारतूस और अन्य समान बरामद हुए हैं।

धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने मंगलवार को बताया कि दो अक्टूबर की शाम आठ बजे गुप्त सूचना के आधार पर गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड पर बाइक सवार तीन लोगों को पकड़ा गया जबकि एक अन्य भाग निकला। पकड़े गए अपराधियों में धनबाद के कतरास निवासी नसीम अंसारी (44),धनबाद के जोगता निवासी राजू अंसारी (32) और धनबाद थाना क्षेत्र निवासी विकास सिंह (41) शामिल हैं।

**शिकंजा**

इनके पास से अत्याधुनिक हथियारों के साथ भारी मात्रा में कारतूस और अन्य समान बरामद हुए हैं

## कोयला उत्पादन सितंबर में 16 फीसदी बढ़कर 6.72 करोड़ टन पर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश का कोयला उत्पादन सितंबर महीने में 15.81 फीसदी बढ़कर 6.72 करोड़ टन रहा है। पिछले साल समान अवधि में कोयले का उत्पादन 5.80 करोड़ टन रहा था। कोयला मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि सितंबर महीने में कोयला उत्पादन 15.81 फीसदी बढ़कर 6.72 करोड़ टन रहा। मंत्रालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 202324 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान कोयला उत्पादन 12.06 फीसदी बढ़कर 42.82 करोड़ टन रहा, जो पिछले साल इसी अवधि में 38.22 करोड़ टन रहा था। मंत्रालय के मुताबिक सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का उत्पादन भी सितंबर महीने में 12.63 फीसदी बढ़कर 5.14 करोड़ टन रहा है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.57 करोड़ टन रहा था। इस दौरान कोयला आपूर्ति बढ़कर 7.03 करोड़ टन रही, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में 6.11 करोड़ टन थी। कोयला मंत्रालय ने बताया कि कोयला क्षेत्र में अच्छी वृद्धि देखी गई है। उत्पादन, आपूर्ति और स्टॉक उल्लेखनीय स्तर पर पहुंच गया है। मंत्रालय के मुताबिक इस असाधारण वृद्धि का श्रेय सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला कंपनियों को जाता है।

## छत्तीसगढ़ के बच्चों को मिलेगी नीट और जेईई की फ्री कोचिंग : सीएम बघेल

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**मुख्यमंत्री** भूपेश बघेल ने इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्कूल शिक्षा विभाग की नवाचारी स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजनाह्य का मंगलवार को अपने निवास कार्यालय से ऑनलाईन शुभारंभ किया। इस योजना के तहत प्रदेश के 146 विकासखंड मुख्यालयों और चार शहरों- रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से



शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जाएगी। मुख्यमंत्री बघेल और स्कूल शिक्षा मन्त्री रविन्द्र चौबे के समक्ष स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना संचालन के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम एवं ऐलन कैरियर कोचिंग इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना के संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार ब्रोशर का विमोचन किया। उन्होंने राज्य के विकासखंडों के कोचिंग सेंटर में उपस्थित बच्चों से चर्चा कर योजना के संबंध में जानकारी ली।

**पितृपक्ष** गंगाघाट पर पिंडदान, तर्पण, अनादि विमल तीर्थ पिशाचमोचन कुंड पर मेला सरीखा नजारा

## पूर्वजों का श्राद्ध करने के लिए काशी में उमड़ रहे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**
**पितृपक्ष में** धर्म नगरी काशी में अपने पुरखों के प्रति श्रद्धा समर्पण का सिलसिला शुरू हो गया है। गंगाघाटों सहित अनादि विमल तीर्थ पिशाचमोचन कुंड पर पूरे देशभर से श्रद्धालुओं (वंशजों) का रेला उमड़ रहा है। अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म करने के लिए श्रद्धालु अलसुबह से गंगाघाटों के साथ पिशाचमोचन कुंड पर लोग पहुंच रहे हैं। दशाश्वमेध तीर्थ क्षेत्र में दक्षिण भारतीय श्रद्धालु पहुंच रहे है। मंगलवार को पितृपक्ष के पंचमी



तिथि पर लोग पूर्वजों के प्रति श्रद्धा निवेदित कर श्राद्ध, तर्पण पूरे श्रद्धाभाव से करते दिखे। काशी में अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा निवेदित करने के लिए पत्नी के साथ आए हिन्दुस्थान समाचार न्यूज एजेंसी के खाता प्रबंधक (अकाउंट मैनेजर ) अमित कुमार पांडेय ने पिशाचमोचन कुंड पर त्रिपिंडिक श्राद्ध कर बताया कि पितृपक्ष में सनातनी अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण करते है। ऐसा करने से पितरों के प्रसन्न होने पर घर में सुख शांति आती है। पिशाचमोचन कुंड स्थित शेरवाली कोठी के पंडा पं. श्रीकांत मिश्र, प्रदीप पांडेय ने बताया कि पितृपक्ष में तर्पण और श्राद्ध कर्म से पितृदोष से मुक्ति के साथ पितरों की शांति भी होती है। पितरों का तर्पण न करने से उन्हें मुक्ति नहीं मिलती और उनकी आत्मा भी मृत्यु लोक में भटकती है। पितृपक्ष में तीन पीढ़ियों तक के पिता पक्ष के तथा तीन पीढ़ियों तक के माता पक्ष के पूर्वजों के लिए तर्पण किया जाता हैं। इन्हीं को पितर कहते हैं। दिव्य पितृ तर्पण, देव तर्पण, ऋषि तर्पण और दिव्य मनुष्य तर्पण के पश्चात ही स्व-पितृ तर्पण किया जाता है।

